Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 37 ● वर्ष : 14 ● रायपुर, शनिवार 08 अगस्त 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



हमें पर द्रव्य को नहीं आत्म द्रव्य को मुख्य बनाना चाहिये।

It is edge of knowledge that it is infinite.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

# वैश्विक ताकत बनेगा भारत का हथकरघा क्षेत्र : पीएम

■ हथकरघा क्षेत्र को विकास का इंजन बनाने का किय आह्वान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह के एक लेख को साझा किया। लेख में भारत की समृद्ध हथकरघा परंपरा को देश की महानतम सभ्यतागत शक्तियों में से एक बताते हुए युवाओं से विरासत को तकनीक, नवाचार, रचनात्मकता और उद्यमशीलता के साथ जोड़कर हथकरघा क्षेत्र को विकास का इंजन बनाने का आह्वान किया गया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि यह लेख भारत की समृद्ध क्षेत्रीय कपड़ा परंपराओं को रेखांकित करता है। साथ ही, इसमें ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने, महिला सशक्तीकरण, स्थिरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाने में हथकरघा क्षेत्र की भूमिका को भी सामने रखा गया है।

पीएम मोदी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने हथकरघा को भारत की महानतम सभ्यतागत शक्तियों में से एक बताते हुए भारतीय वस्त्रों की असंख्य क्षेत्रीय परंपराओं को रेखांकित किया है। उन्होंने युवाओं से विरासत और तकनीक, रचनात्मकता तथा उद्यमशीलता को साथ लाकर हथकरघा क्षेत्र का अगला अध्याय लिखने और बुनकरों की आजीविका को मजबूत करने का आह्वान किया। गिरिराज सिंह ने अपने लेख में कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ते हुए हथकरघा क्षेत्र भारत की समृद्ध



सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी रचनात्मक उद्योग में बदलने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि सिंधु घाटी सभ्यता तक पुरानी भारत की हथकरघा परंपराएं कभी वैश्विक कपड़ा व्यापार में प्रभावशाली थीं और आज टिकाऊ, प्रामाणिक तथा हस्तनिर्मित उत्पादों की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय मांग को पूरा करने के लिए बेहतर स्थिति में हैं।

उन्होंने कहा कि भारत की अगली हथकरघा क्रांति में केवल वस्त्रों का निर्यात नहीं होना चाहिए, बल्कि इसके साथ शिल्प कौशल, विरासत, नवाचार और भरोसे का भी वैश्विक प्रसार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर हाथ से बुना उत्पाद 'ब्रांड इंडिया' का दूत बन सकता है। केंद्रीय मंत्री ने हथकरघा क्षेत्र के आर्थिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह भारत का सबसे बड़ा कुटीर उद्योग है। यह 35 लाख से अधिक बुनकरों और संबद्ध कामगारों की आजीविका का आधार है। इनमें महिलाओं की हिस्सेदारी करीब 72 प्रतिशत है। गिरिराज सिंह ने पिछले एक दशक में क्षेत्र को मजबूत करने के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख किया। इनमें कच्चा माल आपूर्ति योजना, 797 हथकरघा क्लस्टरों का विकास, 1.24 लाख से अधिक उन्नत करघों का वितरण और करीब 97 हजार कारीगरों के लिए कौशल उन्नयन कार्यक्रम शामिल हैं। इसके अलावा उत्पादक कंपनियों, जीआई-टैग वाले उत्पादों, हैंडलूम मार्क प्रमाणन, इंडिया हैंडमेड प्रमाणन, अर्बन हाट और डिजाइन रिसोर्स सेंटर को भी बढ़ावा दिया गया है। गिरिराज सिंह ने कहा कि प्रस्तावित राष्ट्रीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प कार्यक्रम के तहत 500 से अधिक जिलों में 1,800 क्लस्टरों तक सहायता का विस्तार किया जाएगा।

# विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को बड़ी उपलब्धि

■ SASCI 2026-27 के तहत प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने वाला देश का पहला राज्य बना छत्तीसगढ़



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में स्वच्छ ऊर्जा, हरित विकास और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में छत्तीसगढ़ को एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय उपलब्धि प्राप्त हुई है। राज्य में कम्प्रेस्ड बायोगैस (CBG) इकोसिस्टम के विकास के लिए किए जा रहे नवाचारों और प्रभावी प्रयासों की सराहना करते हुए भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पूंजीगत निवेश विशेष सहायता योजना (SASCI) 2026-27 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ को 50 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की है। इस योजना के तहत यह प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बन गया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जैव ईंधन के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ तेजी से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रहा है और यह उपलब्धि उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग तथा छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को इस सफलता के लिए बधाई दी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नई कम्प्रेस्ड बायोगैस नीति राज्य के कृषि, ऊर्जा और पर्यावरण क्षेत्र में परिवर्तनकारी भूमिका निभाएगी। इससे कृषि अवशेषों का वैज्ञानिक उपयोग सुनिश्चित होगा, किसानों को अतिरिक्त आय का नया स्रोत मिलेगा तथा पराली और अन्य जैव अवशेषों के बेहतर प्रबंधन से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करते हुए हरित अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य छत्तीसगढ़ को जैव ईंधन एवं स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाना है। सीबीजी नीति के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश में निवेश, रोजगार, किसानों की आय, जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण को नई गति मिलेगी तथा विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को और अधिक मजबूती प्राप्त होगी।

राज्य सरकार ने कम्प्रेस्ड बायोगैस परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ कम्प्रेस्ड बायोगैस नीति-2026 को 8 जून 2026 को अधिसूचित किया है।

# राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर राष्ट्रपति मुर्मू ने 22 बुनकरों और कारीगरों को किया सम्मानित

■ 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कारीगरों को सम्मान मिला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश की सदियों पुरानी बुनाई परंपराओं और उन्हें आगे बढ़ाने वाले कारीगरों को सम्मानित किया। राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने संत कबीर हथकरघा पुरस्कार और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार 2025 प्रदान किए। इस वर्ष कुल 22 उत्कृष्ट बुनकरों, डिजाइनरों, सहकारी समितियों और उद्यमियों को उनके शानदार काम के लिए सम्मानित किया गया। इन पुरस्कारों का उद्देश्य बेहतरीन कारीगरी, नए प्रयोग और भारत की समृद्ध हथकरघा विरासत को बचाने में योगदान देने वालों को सम्मान देना है। इस साल तीन कारीगरों को संत कबीर हथकरघा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसे हथकरघा क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक माना जाता है।

राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार की अलग-अलग श्रेणियों में 19 लोगों को सम्मानित किया गया।



इनमें तमिलनाडु की कांचीपुरम सिल्क साड़ी, तेलंगाना की इकत साड़ी, आंध्र प्रदेश की कॉटन टसर हाफ-एंड-हाफ जमदानी साड़ी, मध्य प्रदेश की माहेश्वरी साड़ी, जम्मू-कश्मीर की कानी शॉल और पश्चिम बंगाल की 500-काउंट खादी मलमल जमदानी साड़ी बनाने वाले कारीगर शामिल हैं। इसके अलावा महिला बुनकरों, युवा बुनकरों, आदिवासी बुनाई, दिव्यांग बुनकरों और लुप्त होती बुनाई परंपराओं को दोबारा जीवित करने वाले कारीगरों को भी विशेष श्रेणियों में सम्मानित किया गया। पुरस्कार केवल बुनाई तक सीमित नहीं रहे।

# 'हर घर तिरंगा' और 'तिरंगा यात्रा' अभियान कृतज्ञता प्रकट करने का भव्य माध्यम बनेगा : अरुण साव

■ बस्तर संभाग में 500 से अधिक स्कूलों, प्रमुख चौराहों और सामुदायिक भवनों का नामकरण शहीदों के नाम पर किया जाएगा : विजय शर्मा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी का 'हर घर तिरंगा' और 'तिरंगा यात्रा' अभियान देशभक्ति की लहर जगाने, सामाजिक समरसता को मजबूत करने और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व राष्ट्र निर्माताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक भव्य और ऐतिहासिक माध्यम बनेगा। श्री साव ने शुक्रवार को यहाँ एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत महती पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रदेशभर में आयोजित होने वाले 'हर घर तिरंगा' अभियान और 'तिरंगा यात्रा' की रूपरेखा साझा की।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि बस्तर के वे नक्सल प्रभावित दुर्गम क्षेत्र, जहाँ अब तक राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराया जा सका था, वहाँ इस वर्ष 15 अगस्त को तिरंगा लहराएगा। यह पूरे छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। श्री साव ने कहा कि वर्ष 2022 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जा रहा है। इसका मूल उद्देश्य देश की युवा पीढ़ी को राष्ट्रभक्ति से जोड़ना, संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना, सामाजिक समरसता तथा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को सुदृढ़ करना है। इस दौरान प्रदेश की सभी 450 से अधिक भाजपा मण्डल इकाइयों, बड़े गाँवों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों और विकासखण्ड मुख्यालयों में जन-जागरण हेतु तिरंगा यात्राएँ निकाली जाएंगीं। श्री साव ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए नगरीय निकायों, जिला पंचायतों और पार्टी पदाधिकारियों की वर्चुअल बैठक संपन्न हो चुकी है, साथ ही रायपुर शहर एवं ग्रामीण जिलों की बैठकें भी आयोजित की जा चुकी हैं।

# छग में रेलवे विस्तार को मिली रफ्तार, वार्षिक बजट आवंटन बढ़कर 7,470 करोड़ रुपए

■ प्री-2014 स्तर की तुलना में औसत वार्षिक रेल बजट आवंटन में 24 गुना वृद्धि, 36 परियोजनाओं पर चल रहा काम

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में रेलवे के बुनियादी ढांचे और रेल नेटवर्क के विस्तार को पिछले एक दशक में बड़ी गति मिली है। रेल मंत्रालय के अनुसार, राज्य में रेलवे से जुड़ी आधारभूत संरचना और सुरक्षा परियोजनाओं के लिए वार्षिक बजट आवंटन प्री-2014 स्तर की तुलना में 24 गुना बढ़ गया है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए छत्तीसगढ़ को रेलवे परियोजनाओं के लिए 7,470 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है, जबकि वर्ष 2009-14 के दौरान औसत वार्षिक आवंटन केवल 311 करोड़ रुपए था।

राज्यसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने छत्तीसगढ़ में चल रहे रेल विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेलवे विस्तार का विशेष जोर यात्री सुविधाओं को मजबूत करने के साथ-साथ आदिवासी, पिछड़े और खनिज बहुल क्षेत्रों में रेल



कनेक्टिविटी बढ़ाने तथा माल ढुलाई क्षमता में वृद्धि पर है।

## नई रेल पटरियों के निर्माण में 17 गुना तेजी

छत्तीसगढ़ में नई रेल लाइन के निर्माण और कमीशनिंग की गति में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2009-14 के दौरान जहां औसतन 6.4 किलोमीटर प्रति वर्ष नई रेल लाइन शुरू की जा रही थी, वहीं वर्ष 2014 से 2026 के बीच यह औसत बढ़कर 109.29 किलोमीटर प्रति वर्ष हो गया। इस अवधि में कुल 1,311 किलोमीटर नई रेल पटरियों को कमीशन किया गया है।

## 2,398 किलोमीटर की 36 परियोजनाएं सक्रिय

1 अप्रैल 2026 तक छत्तीसगढ़ में कुल 36 रेल परियोजनाएं सक्रिय हैं। इनमें 8 नई रेल लाइन और 28 दोहरीकरण परियोजनाएं शामिल हैं।

# छत्तीसगढ़ के आईपीएस पर एक करोड़ रुपए रिश्वत लेने का आरोप

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जिले में पदस्थ ट्रेनी आईपीएस पर एक करोड़ रिश्वत लेने के आरोप के बाद पुलिस महकमे में हडकंप मचा हुआ है। शिकायतकर्ता ने सीबीआई कोर्ट दिल्ली, सुधांशु कौशिक की अदालत में परिवाद दायर किया है। साथ ही इस मामले से जुड़ा व्हाट्सऐप चैट और ऑडियो क्लीप भी सौंपा है। पीड़ित की शिकायत के बाद कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के डीजीपी और सीबीआई निदेशक को नोटिस जारी किया है। जानकारी के मुताबिक, हरियाणा निवासी आकाश कुमार पर अंबिकापुर के साइबर रेंज थाने में ठगी का मामला दर्ज है। मामला 20.15 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी से जुड़ा है। आकाश ने सीबीआई दिल्ली कोर्ट में परिवाद दायर कर बताया कि ठगी के केस की जांच के दौरान कार्रवाई को प्रभावित करने अंबिकापुर सीएसपी (ट्रेनी IPS) राहुल बंसल ने एक करोड़ की मांग की।

# बिजली पावर कंपनी में 1235 पदों पर होगी भर्ती

■ मुख्यमंत्री महोदय के निर्देशानुसार विद्युत कंपनियों में रोजगार के खुलेंगे नए द्वार

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज़ ने 1235 पदों पर भर्ती विज्ञापन जारी कर दिया है। इसमें सहायक अभियंता से लेकर कनिष्ठ अभियंता और संयंत्र परिचारक से लेकर डाटा एंट्री आपरेटर, चिकित्सक,पैरामेडिकल स्टाफ, फायर ऑफिसर्स व स्टाफ, विधि विभाग, वित्त अधिकारी, सुरक्षा विभाग तक के पद शामिल हैं। ये भर्तियां तीनों कंपनियों यथा जनरेशन, ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन में की जाएंगी।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने गुणवत्तापूर्ण विद्युत प्रदाय सुनिश्चित करने हेतु रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उनके निर्देशानुसार पॉवर कंपनियों में बड़ी संख्या में की जा रही भर्ती से जहां एक तरफ बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिलेगा, वहीं उपभोक्ताओं तक निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के लिए मेनपावर भी उपलब्ध हो सकेगा। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद यह पहला मौका है, जब इतनी अधिक संख्या में भर्तियां होंगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज़ के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय की मंशा के अनुरूप भर्ती प्रक्रिया को त्वरित गति से पूरा किया जाए।

# हथकरघा हमारी संस्कृति, रोजगार और आत्मनिर्भरता की सशक्त पहचान : साय

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित प्रदेश स्तरीय बुनकर सम्मेलन एवं स्वदेशी प्रदर्शनी में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने रेशम, हथकरघा, हस्तशिल्प, खादी एवं माटीकला बोर्ड के विभिन्न हितग्राहियों तथा मेधावी छात्र-छात्राओं को 10 करोड़ 90 लाख रुपये से अधिक की अनुदान एवं पुरस्कार राशि वितरित की। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा संघ के नए प्रीमियम हैंडलूम ब्रांड 'कोशल फैब' का शुभारंभ करते हुए उसके लोगो एवं कैटलॉग का विमोचन किया। साथ ही उन्होंने हथकरघा इन्वेंट्री मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर का भी शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों, विशेषकर बुनकरों एवं शिल्पकारों को, राष्ट्रीय हथकरघा दिवस की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि 7



अगस्त 1905 को प्रारंभ हुए स्वदेशी आंदोलन की स्मृति में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2015 में इस दिवस को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ का कोसा, बस्तर की बुनाई तथा प्रदेश के पारंपरिक हथकरघा उत्पाद देश-दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य छत्तीसगढ़ के हथकरघा उत्पादों को 'लोकल टू ग्लोबल' की नई पहचान दिलाना है। इसके लिए आधुनिक डिज़ाइन, कौशल उन्नयन, प्रशिक्षण, ब्रांडिंग, विपणन तथा नए बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

# प्रह्लाद जोशी की दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया और ईरान के मंत्रियों से मुलाकात

■ शिक्षा सहयोग बढ़ाने पर जोर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया और ईरान के शिक्षा क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ मंत्रियों के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें कीं। बातचीत में शिक्षा, कौशल विकास, शोध, नवाचार, डिजिटल लर्निंग और अकादमिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया।

प्रह्लाद जोशी ने दक्षिण अफ्रीका की बेसिक एजुकेशन मंत्री सिविवे ग्वारुबे और उच्च शिक्षा एवं प्रशिक्षण की उप मंत्री डॉ. नोमुसा ड्यूबे-नक्यूब के साथ द्विपक्षीय बैठक की। उन्होंने बताया कि बातचीत में प्राथमिक एवं उच्च शिक्षा, कौशल विकास, शोध, नवाचार और डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच शैक्षणिक आदान-प्रदान बढ़ाने के अवसरों पर विचार किया गया।



भारत की निपुण भारत, परख, स्वयं और समर्थ जैसी सफल पहलों के अनुभव भी साझा किए गए। दोनों पक्षों ने शिक्षा के क्षेत्र में प्रस्तावित समझौतों पर चल रही बातचीत को आगे बढ़ाने और उन्हें जल्द पूरा करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच शिक्षा सहयोग को गहरा करना और आने वाली पीढ़ियों को इसका लाभ पहुंचाना है। ब्रिक्स शिक्षा वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक के दौरान प्रह्लाद जोशी ने इंडोनेशिया के उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ब्रायन युलियार्तो से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं ने उच्च शिक्षा, शोध, नवाचार और शैक्षणिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में भारत-इंडोनेशिया सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। जोशी ने आईआईटी मद्रास ग्लोबल रिसर्च फाउंडेशन और इंडोनेशिया के उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इससे शोध, नवाचार और प्रतिभा विकास में सहयोग मजबूत होगा तथा दोनों देशों के छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए नए अवसर पैदा होंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने ईरान के कार्यवाहक विज्ञान, अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री प्रो. मसूद शम्स-बख्श से भी मुलाकात की। भुवनेश्वर में आयोजित 13वीं ब्रिक्स शिक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान हुई इस मुलाकात में दोनों देशों के सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों को आधुनिक शिक्षा, शोध, प्रौद्योगिकी और नवाचार साझेदारी में बदलने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। जोशी ने कहा कि दोनों देशों के संस्थानों के बीच संबंधों को और मजबूत करने, शैक्षणिक एवं शोध सहयोग बढ़ाने और छात्रों तथा शोधकर्ताओं के लिए अधिक अवसर पैदा करने की जरूरत है। उन्होंने डिजिटल शिक्षा के माध्यम से भारत-ईरान के बीच ज्ञान आधारित साझेदारी को और गहरा करने पर भी जोर दिया।

# संसद में पीएम नरेंद्र मोदी और सुखबीर सिंह बादल की बैठक

■ पंजाब चुनाव से पहले नए सियासी समीकरणों की चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के बीच शुक्रवार को संसद भवन परिसर में एक अहम मुलाकात हुई, जिसके बाद यह अटकलें तेज हो गई हैं कि 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और अकाली दल का पुराना गठबंधन फिर से शुरू हो सकता है। कृषि कानूनों के विवाद के चलते छह साल पहले दोनों दल एक-दूसरे से अलग हो गए थे। हालांकि इस बैठक को लेकर किसी भी पक्ष की तरफ से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन पंजाब की बदलती राजनीतिक स्थिति को देखते हुए इस मुलाकात को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक,



सुखबीर सिंह बादल ने प्रधानमंत्री के सामने पंजाब के कई गंभीर मुद्दे उठाए। इनमें राज्य की बिगड़ती कानून-व्यवस्था, बार-बार होने वाले पेपर लीक, बढ़ता नशा और सरकारी योजनाओं में कथित भ्रष्टाचार जैसे विषय शामिल थे। बैठक के दौरान दोनों दलों के बीच आपसी रिश्तों को दोबारा जोड़ने और भविष्य में साथ मिलकर काम करने की संभावनाओं पर भी खुलकर चर्चा हुई। जानकारों का मानना है कि दोनों पार्टियां अब पुराने गिले-शिकवे भुलाकर एक बार फिर साथ आने का मन बना रही हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के मामले में हाई कोर्ट के दखल से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के उस आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया, जिसमें 2023 में पाटन विधानसभा सीट से छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करने से मना कर दिया गया था। हालांकि, शीर्ष अदालत ने कहा कि बघेल को सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट के चुनाव ट्रिब्यूनल के सामने अपनी सभी दलीलें रखने की छूट होगी। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और जस्टिस जायमाल्य बागची और वी. मोहना की बेंच ने बघेल की उस याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें उन्होंने हाई कोर्ट के 15 जून के अंतरिम आदेश को चुनौती दी थी।

# मुख्यमंत्री ने 67.20 लाख माताओं और बहनों के खातों में डीबीटी के माध्यम से अंतरित किए 630.55 करोड़ रुपये

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार का मजबूत संकल्प, योजना के तहत अब तक 19,444.33 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का वितरण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से महतारी वंदन योजना की 30वीं किस्त जारी करते हुए प्रदेश की 67 लाख 20 हजार 125 पात्र महिलाओं के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 630 करोड़ 55 लाख 54 हजार 300 रुपये की राशि अंतरित की। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, प्रमुख सचिव श्रीमती शहला निगार तथा संचालक डॉ. रेणुका श्रीवास्तव उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि महतारी वंदन योजना राज्य सरकार की उन प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर उन्हें सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि जब माताएं और बहनें आर्थिक रूप से सशक्त होती हैं, तब परिवार मजबूत होता है, बच्चों का भविष्य सुरक्षित होता है और समाज विकास की नई दिशा में आगे बढ़ता है। इसलिए मातृशक्ति का सशक्तिकरण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह योजना केवल प्रतिमाह एक हजार रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता और सामाजिक भागीदारी को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम बन चुकी है। प्रदेश के लाखों परिवारों में यह राशि शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और आजीविका जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में उपयोग हो रही है, जिससे महिलाओं की आर्थिक भूमिका और अधिक सशक्त हुई है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अनेक महिलाएं महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि का सदुपयोग करते हुए अपने बच्चों की शिक्षा पर खर्च कर रही हैं। कई माताएं अपनी बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना में नियमित निवेश कर रही हैं। वहीं बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर, डेयरी, किराना दुकान, सब्जी विक्रय, पशुपालन, अगरबत्ती निर्माण तथा अन्य छोटे स्वरोजगार शुरू कर अपनी आय बढ़ाई है। इससे वे न केवल परिवार की आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर रही हैं, बल्कि स्थानीय स्तर पर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल भी प्रस्तुत कर रही हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुशासन का अर्थ केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक समय पर और पारदर्शी तरीके से पहुंचे। महतारी वंदन योजना इसी सोच का परिणाम है, जिसमें हर महीने बिना एक हजार रुपए की राशि सीधे महिलाओं के बैंक खातों में पहुंचाई जा रही है। डीबीटी व्यवस्था ने पारदर्शिता बढ़ाई है और महिलाओं में शासन के प्रति विश्वास भी मजबूत किया है।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वरोजगार, कौशल विकास तथा वित्तीय समावेशन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में लगातार कार्य कर रही है। महतारी वंदन योजना इन सभी प्रयासों का महत्वपूर्ण आधार बनकर महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा और सामाजिक सम्मान प्रदान कर रही है।

1 मार्च 2024 से पूरे प्रदेश में लागू है योजना : 30 किस्तों में 19,444.33 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान*

महतारी वंदन योजना का शुभारंभ 1 मार्च 2024 को किया गया था। आज जारी की गई 30वीं किस्त के बाद योजना के अंतर्गत वितरित कुल राशि बढ़कर 19 हजार 444 करोड़ 33 लाख रुपये से अधिक हो गई है।महतारी वंदन योजना का प्रभाव अब प्रदेश के लाखों परिवारों में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। नियमित आर्थिक सहायता मिलने से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है, घरेलू निर्णयों में उनकी भागीदारी मजबूत हुई है तथा बच्चों की शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य पर खर्च बढ़ा है। अनेक परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है और महिलाओं ने स्वयं सहायता समूहों तथा छोटे-छोटे व्यवसायों के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करना प्रारंभ किया है।

# वीडियो कॉल पर युवती का अश्लील वीडियो रिश्तेदारों को भेजा, आरोपी गिरफ्तार



**दुर्ग-भिलाई।** दुर्ग जिले में एक युवती का वीडियो कॉल के दौरान अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी को उत्तर प्रदेश के देवरिया से पकड़ा गया है। यह मामला खुर्सीपार थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने यह वीडियो पीड़िता की जानकारी और सहमति के बिना रिकॉर्ड किया था। उसने इस वीडियो को पीड़िता के रिश्तेदारों के व्हाट्सएप नंबरों पर भेजने के साथ ही अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी वायरल किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन जब्त कर लिया है।

पीड़िता ने 14 जुलाई 2026 को खुर्सीपार थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि मनीष साहनी नामक आरोपी ने वीडियो कॉल के दौरान उसकी जानकारी और सहमति के बिना उसका अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर लिया था। शिकायत के मुताबिक, आरोपी ने रिकॉर्ड किए गए वीडियो को पीड़िता के रिश्तेदारों के व्हाट्सएप नंबरों पर भेजा और सोशल मीडिया के माध्यम से भी वायरल किया। इस गंभीर मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तत्काल जांच शुरू कर दी। पीड़िता की शिकायत और उपलब्ध सबूतों के आधार पर खुर्सीपार थाने में अपराध क्रमांक 279/2026 दर्ज किया गया। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 79 तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66श्च, 67 और 67 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने घटना से जुड़े डिजिटल साक्ष्य जुटाने के साथ ही आरोपी की तलाश शुरू की। चूंकि आरोपी भिलाई से बाहर था, पुलिस टीम ने तकनीकी सबूतों और उसकी लोकेशन के आधार पर उसकी पहचान की। मामले की जांच के लिए खुर्सीपार पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई थी। टीम ने लगातार तकनीकी विश्लेषण और पतासाजी की, जिसके बाद आरोपी के उत्तर प्रदेश के देवरिया में होने की जानकारी मिली और उसे वहां से गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद पुलिस टीम देवरिया पहुंची और नया नगर निवासी 27 वर्षीय मनीष साहनी की पहचान कर हिरासत में लिया।

# जोन कमिश्नर डॉ तृप्ति पाणीग्रही ने अस्पतालों के प्रतिनिधियों की बैठक बुलाई



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री संबित मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम जोन 7 जोन कमिश्नर डॉ तृप्ति पाणीग्रही ने जोन में जोन क्षेत्र के लगभग 20 निजी अस्पताल प्रतिनिधियों की बैठक बुलाकर उनसे नगर निगम जोन 7 क्षेत्र के उद्यानों और तालाबों के रखरखाव एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों में अपनी सहभागिता दर्ज करवाने की विनम्र अपील की.

नगर निगम जोन 7 जोन कमिश्नर ने बैठक में निर्देश दिए कि निजी अस्पताल प्रतिनिधियों से अस्पताल प्रबंधन के माध्यम से निजी अस्पताल के मेडिकल वेस्ट का निष्पादन नियमानुसार निर्धारित मानक के अनुसार ही किया जाना, नियत स्थान पर ही निजी अस्पताल के मेडिकल वेस्ट को दिया जाना, इधर - उधर मेडिकल वेस्ट कदापि नहीं डाला जाना, निजी अस्पताल का प्रचार विज्ञापन नियमानुसार अनुमति लेकर निर्धारित स्थान पर लगाया जाना सभी निजी अस्पताल प्रबंधक हर हाल में नियमानुसार सुनिश्चित कर लेवें.

जोन 7 जोन कमिश्नर डॉ तृप्ति पाणीग्रही ने निजी अस्पताल प्रबंधकों को सार्वजनिक नालों में बनाये अवैध पाटों को स्वतः हटाकर वहाँ सफाई करवाने चेम्बर बनवाने के निर्देश दिए हैं, ताकि नालों की सफाई करवाई जा सके एवं नागरिकों को बारिश में जलभराव की समस्या का सामना आगे ना करना पड़े. जोन 7 जोन कमिश्नर डॉ तृप्ति पाणीग्रही ने सभी निजी अस्पताल प्रबंधकों से जोन 7 क्षेत्र के वार्डों में बस्तियों में डेंगू, मलेरिया, मौसमी बिमारियों के प्रति जन -जन में जनजागरूकता अभियान चलाने सहभागिता दर्ज करवाने की विनम्र अपील की है और विशेषकर जोन 7 क्षेत्र अंतर्गत स्लम बस्तियों में निःशुल्क मेडिकल कैम्प लगाने समाज हित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा बाबत आगे आने कहा है. मगर निगम जोन 7 कार्यालय में जोन 7 जोन कमिश्नर डॉ तृप्ति पाणीग्रही द्वारा ली गयी

# गन्दगी फैलाने, दुकान संचालकों पर लगाया जुर्माना



**रायपुर।** आज रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 2 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सूखा एवं गीला कचरा पृथक - पृथक नहीं रखने, गन्दगी फैलाने और प्रतिबंधित प्लास्टिक से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायतों को तत्काल संज्ञान में लेकर नगर निगम आयुक्त श्री संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन 2 जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय के मार्गनिर्देशन और जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री रवि लवनिया की उपस्थिति में जोन 2 क्षेत्र अंतर्गत बाजार क्षेत्र में सूखा एवं गीला कचरा पृथक - पृथक नहीं रखने, गन्दगी फैलाने और प्रतिबंधित प्लास्टिक मिलने की जनशिकायतें औचक निरीक्षण में स्थल पर सही मिलने पर सम्बंधित 18 दुकानों के संचालकों पर कुल 16820 रूपये का ई चालान सम्बंधितों को भविष्य के लिए कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देते हुए वसूला गया और सूखा एवं गीला कचरा पृथक - पृथक नहीं रखने, , गन्दगी फैलाने, प्रतिबंधित प्लास्टिक मिलने से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायतों का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया गया.


## Office of the Nagar Panchayat, Chandkhuri

E-Procurement Tender Notice (1nd Call)

SYSTEM TENDER NO:196462 NIT NO:898 CHANDKHURI, Dated 06.08.2026

Online bids in three envelop system are invited for the following construction works/ up to date 27-08-2026 at 17.30 Hours

| Sl. No. | Description | EM/Cost of Tender Form/Bid Submission Frees |
|---|---|---|
| 1 | CONSTRUCTION OF MUKTIDHAM WARD NO. 15 MUNGESHAR NAGAR PANCHAYAT CHANDKHURI PWD BUILDING SOR 10.06.2026 PWD BUILDING ROAD SOR 15.06.2026 ELECTRICAL SOR 10.06.2026& PHE SOR 01.06.2020& Amendment | (1) Rs 38.66<br>(2) Rs. 311/- |

The details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in From 27-08-2026 at 17:30 Hours. (IST) onwards.

For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
NAGAR PANCHAYAT
CHANDKHURI (CG)

## कार्यालय नगर पंचायत शिवनंदनपुर,जिला-सूरजपुर (छ0ग0)

कमांक / 744/लो. नि./ न.पं. / 2026-27 शिवनंदनपुर, दिनाकं -07-08-2026

**प्रथम ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

नगर पंचायत शिवनंदनपुर क्षेत्र अंतर्गत एम.आर.एफ एवं कम्पोस्ट निर्माण कार्य कराया जाना है। इस हेतु लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों / निविदाकारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| System Tender. No | Estimated Amount (Lakh) | Earnest Money Deposit (Rs.) | Bid Submission Start Date and Time | Bid Due Date and Time | Physical Document Submission Date and Time | Bid Open Date and Time |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 197118 | 49.12 | 24600.00 | 07/08/2026 After 17:30 PM | 28/08/2026 Before 17:30 PM | 01/09/2026 Before 17:30 PM | 03/09/2026 After 15:00 PM |

टीप:-
01. उपरोक्त कार्यों की निविदा की समान्य शर्तें धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेत व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https:cge-procurement.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
02. विज्ञापन की प्रति cg.uad.gov.in में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत शिवनंदनपुर
जिला - सुरजपुर ( छ.ग. )

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./34079/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 06-08-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 34079
वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR737A00064 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती DIWAKAR DHURVE, KAMLAKAR RAO DHURVE, SUBHASH DHURVE,SANTOSH RAO DHURVE, SARLA AVNAT RATNA KUMBALKAR, MAYA DHURVE, NEHA KOSHISK पिता/पति, श्री/श्रीमती RAM KRISHNA DHURVE के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती SMT. MAMTA CHOUHAN पिता/पति, श्री/श्रीमती W/O SHASHIKANT CHOUHAN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री संतोष पाण्डेय
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 2 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./34080/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 06-08-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 34080
वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR737A0141B जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती SMT. SAROJ JAIN पिता/पति, श्री/श्रीमती W/O SHANTILAL JAIN के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती SMT. POONAM SHUKLA पिता/पति, श्री/श्रीमती W/O LT. BRAJESH KUMAR SHUKLA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री संतोष पाण्डेय
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 2 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./33525/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026
रायपुर, दिनांक 28-07-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 33525
वार्ड का नाम-5- बंजारी माता वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 5 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR105B0203A जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती VIMLA TIWARI पिता/पति, श्री/श्रीमती LATE.R.D.TIWARI के नाम से दर्ज, जिसको श्री/श्रीमती 01 RAVINDRA KUMAR TIWARI 02. YATHARTH TIWARI पिता/पति, श्री/श्रीमती 01 S/O LATE. RAJDEV TIWARI 02. S/O LATE. ARVIND KUMAR TIWARI ? ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ 01.FOUTI NAMANTARAN 02.B1 03. DEATH CERTIFICATE 04. TAX RASHID 05. PURAN PROPERTY PEPAR 06. VASIYATNAMA KE AADHAR PAR / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अंशुल शर्मा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-1
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत दोंदेखुर्द जिला-रायपुर में स्थित भवन क्रमांक सीनियर एल.आई.जी.-341, श्री अजय कुमार मसीह पिता श्री सामुएल मसीह के नाम पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की लीजडीड दिनांक 22.03.2010 पंजीकृत कराने उपरान्त भवन की पूर्ण राशि जमा कर दिनांक 26.03.2010 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में आबंटी श्री अजय कुमार मसीह पिता श्री सामुएल मसीह निवासी-म.नं.-341 हाउसिंग बोर्ड कालोनी दोंदेखुर्द रायपुर, तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. ) के द्वारा उक्त भवन को मो. राजीक अंसारी पिता मो. शब्बीर अंसारी निवासी म.नं.-70 सरकारी विद्यालय के पास, शीतला पारा आमासिवनी, जी.एस.ई. रायपुर ( छ.ग. ) के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है।

अत: उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं
अधोसंरचना विकास मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर ( छ.ग. )

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /34036/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 06-08-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 34036
वार्ड का नाम- 09 - पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 09 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR226R00102 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MANISH TARWARE पिता/पति, श्री/श्रीमती KANCHAN TARWARE के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती नीता वर्मा पिता/पति, श्री/श्रीमती रोशन लाल वर्मा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-9
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /34048/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 06-08-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 34048
वार्ड का नाम- 09 - पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 09 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR226V00747 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RAGHAV JI SHUKLA S/ O HARISHANKAR SHUKLA , SUSHIL SHUKLA S/ O RAGHAV SHUKLA पिता/पति, श्री/श्रीमती RAGHAV SHUKLA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1 समृद्धि सचदेव 2. अखिल सचदेव पिता/पति, श्री/श्रीमती अशोक कुमार सचदेव ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-9
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /34083/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 06-08-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 34083
वार्ड का नाम- 09 - पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 09 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR226S00062 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती TRIPTI AGRAWAL पिता/पति, श्री/श्रीमती RAM AGRAWAL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती राशि शर्मा पिता/पति, श्री/श्रीमती अवनीश कुमार शर्मा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-9
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /34017/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 04-08-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 34017
वार्ड का नाम- 09 - पं. मोती लाल नेहरू वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 09 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR226R00241 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RAM AVTAR SINGH पिता/पति, श्री/श्रीमती LATE.ATIBAL SINGH के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. निर्मल सिंह 2. संदीप सिंह 3. अर्चना सिंह पिता/पति, श्री/श्रीमती स्वर्गीय राम अवतार सिंह ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ रजिस्ट्री पेपर शपथ पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-9
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

### न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर
मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भ: - जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.-00070 टिकरापारा ग्राम के नामांतरण
पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-.
RD202526440725600456

**इश्तिहार**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00070 के अंतर्गत ग्राम टिकरापारा के वर्तमान भूमिस्वामी प्रियदर्शनी गृह निर्माण सह. समिति मर्या. रायपुर द्वा पिता/पति- श्यामसुंदर श्रीवास्तव प्रकरण क. उ. प. आर. पी. आर पता-रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 369/4( 0.0178 ) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सी.एल. महावर पिता/पति-श्री बी.एल. महावर पता-प्रियदर्शनी नगर रायपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24/08/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/08/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार:
JYOTI SINGH
रायपुर

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./34159/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 07-08-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 34159
वार्ड का नाम- 62 शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 62 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR654K00015 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती RAM KRISHNA पिता/पति, श्री/श्रीमती LATE BISAUHA RAM SAHU के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती NAJMUN FATMA KHURSHID AHMED ASHRAFI पिता/पति श्री/श्रीमती W/O KHURSHID AHMED ASHRAFI, LATE GULAM RASUL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री हितेन्द्र यादव
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./34160/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 07-08-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 34160
वार्ड का नाम- 62 शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 62 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-RPR654K00105 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती MEHRUNISHA पिता/पति, श्री/श्रीमती MO. YASIN के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती SHAHINA BEGUM पिता/पति श्री/श्रीमती W/O SAEED AHMED ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री हितेन्द्र यादव
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

# योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना करें सुनिश्चित - नेहरू राम निषाद

### पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने ली विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री नेहरू राम निषाद ने सूरजपुर प्रवास के दौरान जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चंद्रकांती वर्मा, आयोग के सचिव श्री संकल्प साहू तथा विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्री निषाद ने कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी अधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने तथा उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए योजनाओं का प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को केवल आंकड़ों तक सीमित न रहकर योजनाओं के जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

उपाध्यक्ष श्रीमती चंद्रकांती वर्मा ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं की वास्तविक प्रगति का नियमित फील्ड निरीक्षण कर प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए। बैठक में सर्वप्रथम जिले का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया गया। इसके बाद अन्य पिछड़ा वर्ग को जारी एवं निरस्त जाति प्रमाण-पत्रों, विकसित भारत ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान), समाज कल्याण विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, श्रम, क्रेडा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कौशल विकास प्राधिकरण, खाद्य, शिक्षा, आदिवासी विकास तथा राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।



उद्यानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान अध्यक्ष ने जिले में बागवानी फसलों का रकबा बढ़ाने, किसानों को उद्यानिकी के प्रति प्रोत्साहित करने तथा राष्ट्रीय बागवानी मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने अदरक एवं हल्दी उत्पादन, किसानी को तकनीकी प्रशिक्षण, बीज उत्पादन, माली प्रशिक्षण तथा किसानों के अध्ययन भ्रमण की जानकारी प्राप्त की। साथ ही लाभान्वित किसानों के निरंतर संपर्क में रहकर उनके जीवन स्तर में आए सुधार की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

पशुधन विकास विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग के पशुपालकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने, प्राथमिक दुग्ध सहकारी समितियों को सक्रिय बनाने तथा उन्हें अनुदान एवं अन्य योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। मत्स्य पालन विभाग की समीक्षा में जिले के कुल जल क्षेत्र, मत्स्य पालन क्षेत्र, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मत्स्य सहकारी समितियों तथा केनापारा में संचालित केज कल्चर की जानकारी ली। उन्होंने अधिकाधिक पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने पर जोर दिया। साथ ही अन्य पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास के निर्देश दिए।

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में पूरक पोषण आहार वितरण, गर्म भोजन, नोनी सुरक्षा योजना, बच्चों की उपस्थिति, भवनों की स्थिति, स्वयं सहायता समूहों द्वारा पोषण आहार उत्पादन, एनआरसी में कुपोषित बच्चों के उपचार तथा सीडीपीओ एवं सुपरवाइजरों के नियमित फील्ड निरीक्षण की समीक्षा की। उन्होंने गंभीर कुपोषित बच्चों के समुचित उपचार एवं सुपोषण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों के लाभान्वित होने के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान सरसों, सूरजमुखी एवं मूंगफली जैसी तिलहनी फसलों के उत्पादन, मधुमक्खी पालन, किसान संगोष्ठियों, फसल चक्र परिवर्तन, आत्मा योजना, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, मृदा परीक्षण तथा नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल्स-ऑयलसीड्स के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने किसानों को वैज्ञानिक खेती अपनाने के लिए लगातार जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही फसल बीमा योजना सहित सभी अन्य योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हितग्राहियों और उनकी स्थिति की जानकारी ली।

श्रम विभाग के अंतर्गत मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, नौनी-बाबू छात्रवृत्ति सहायता योजना, नि:शुल्क कोचिंग सहायता तथा अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों श्रम विभाग से मिल रहे लाभ की जानकारी ली और ज्यादा से ज्यादा लोगों का श्रम पंजीयन करने के निर्देश दिए।

क्रेडा विभाग की समीक्षा के दौरान स्थापित सोलर पैनलों, सौर सुजला योजना तथा सोलर संयंत्रों के रखरखाव एवं मरम्मत की जानकारी ली गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से जल जीवन मिशन के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों एवं पेयजल उपलब्धता की समीक्षा की गई। उन्होंने जिले में पेयजल प्रदाय की स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला कौशल विकास प्राधिकरण के अंतर्गत युवाओं को दिए जा रहे कौशल प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण उपरांत उपलब्ध रोजगार की जानकारी ली गई। उन्होंने सभी प्रशिक्षित लोगों को रोजगार शत प्रतिशत उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करने को कहा।

शिक्षा विभाग की समीक्षा में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याह्न भोजन), नि:शुल्क गणवेश वितरण, सरस्वती साइकिल योजना, हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों सहित अन्य सभी योजनाओं की की प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही जिले में छात्रावासों और छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी ली।

आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा के दौरान छात्रावासों एवं आश्रमों में अध्ययनरत अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली गई।

बैठक में सहकारिता विभाग की समीक्षा करते हुए जिले की सहकारी समितियों को अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने तथा उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़कर प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा पंचायत एवं ग्रामीण विकास, समाज कल्याण, खाद्य, व्यापार एवं उद्योगऔर स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों की योजनाओं की भी विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# डीपीएस छिंदवाड़ा ने गोंदिया को 6-0 से हराकर फाइनल में किया प्रवेश



### इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का आज होगा फाईनल मुकाबला

**गोपाल सिंह विद्रोही**

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** एमपावर इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले खेले गए। अंडर-14 और अंडर-19 वर्ग में विभिन्न स्कूलों की टीमों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। अंडर-14 वर्ग में एलॉन्स पब्लिक स्कूल ने आरडब्ल्यूएस महासमुंद को 4ङ्क0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। एसआरवीएम स्कूल, सूरजपुर और कोलंबिया स्कूल, रायपुर के बीच मुकाबला 1ङ्क1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इसके बाद कोलंबिया स्कूल, रायपुर ने आरडब्ल्यूएस महासमुंद को 1ङ्क0 से हराया, जबकि डीपीएस संबलपुर ने एलॉन्स पब्लिक स्कूल को 1ङ्क0 से पराजित किया। अंडर-19 वर्ग में जेपी कांकेर ने एसआरवीएम स्कूल, सूरजपुर को 4ङ्क0 से हराया। वहीं डीपीएस छिंदवाड़ा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आरडब्ल्यूएस गोंदिया को 6-0 से शिकस्त दी। टूर्नामेंट के दौरान जिले के गणमान्य नागरिक एवं मीडिया प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। प्रमुख अतिथियों में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बलराम शर्मा, लोक अभियोजक राजू दास, प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रवेश गोयल सहित मीडिया समूह से सुनील अग्रवाल, विनय मिश्रा, जानी खान, समरोज खान, विष्णु कसेरा, अमीर खान, कौशलेन्द्र यादव, प्रवीण कुमार साहू तथा नीरज कुमार साहू शामिल रहे। आयोजकों ने सभी प्रतिभागी टीमों, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टूर्नामेंट का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता के आगामी मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में उत्साह बना हुआ है। उक्त तीन दिवसीय टूर्नामेंट का आज खिताबी व फाईनल मुकाबला खेला जाएगा। तीन दिनों के इस आयोजन का समापन साधुराम विद्या मंदिर प्रांगण में दोपहर 12:00 बजे संपन्न होगा।

# बिजली बिल बढ़ोतरी और स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस का बिगुल

### गांव-गांव हस्ताक्षर अभियान, बिजली विभाग के घेराव की तैयारी; 400 यूनिट तक राहत की मांग



**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** बढ़ते बिजली बिल, स्मार्ट मीटर और महंगाई के मुद्दे पर कांग्रेस ने जिले में बड़ा जनआंदोलन छेड़ने का ऐलान कर दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक में चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति तैयार की गई। निर्णय लिया गया कि गांव-गांव और घर-घर हस्ताक्षर अभियान चलाकर आम लोगों का समर्थन जुटाया जाएगा, जिसके बाद बिजली विभाग कार्यालय का घेराव कर 400 यूनिट तक बिजली बिल में राहत देने की मांग का ज्ञापन सौंपा जाएगा।

स्थानीय जिला कांग्रेस भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने की, जबकि विधायक जनक ध्रुव विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, महिला संगठन के प्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देशानुसार बिजली बिल बढ़ोतरी और स्मार्ट मीटर के विरोध में व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान, मध्यम वर्ग, गरीब और व्यापारी सभी बढ़े हुए बिजली बिल से परेशान हैं। कांग्रेस इन मुद्दों को लेकर जनता की आवाज बनकर सरकार तक उनकी समस्याएं पहुंचाएगी। साथ ही संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस से जोड़ने का आह्वान भी किया।

विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि बिजली बिल बढ़ोतरी और स्मार्ट मीटर को लेकर आम लोगों में भारी नाराजगी है। कांग्रेस हमेशा जनता के हितों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी मजबूती से लड़ती रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर जनजागरण अभियान चलाने और सरकार की नीतियों के खिलाफ लोगों को जागरूक करने का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता हजार लोगों के बराबर है। बैठक को चिराग अली और रूपेश साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री कमल लोचन यादव ने किया। बैठक में रमेश शर्मा, राजेश साहू, छगन यादव, सन्नी मेमन, जुनेद खान, अहसन मेमन, पवन सोनकर, प्रेम सोनवानी, कादर हिंगोरा, राम गुलाल, योगेश्वरी साहू सहित सैकड़ों महिला एवं पुरुष पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सरकंडा के पास नेशनल हाईवे पर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत, जेंजरा निवासी डॉ. दिलीप साहू घायल

**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** रायपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे पर सरकंडा के पास गुरुवार को दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में जेंजरा निवासी डॉ. दिलीप साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल 108 संजीवनी एक्सप्रेस को सूचना दी।जिसके बाद घायल को प्राथमिक उपचार के लिए राजिम अस्पताल भेजा गया।ग्रामीणों के अनुसार दोनों मोटरसाइकिलों की टक्कर काफी तेज थी।जिससे डॉ. दिलीप साहू सड़क पर गिर पड़े और उनके दाहिने पैर में गंभीर चोट आई। प्रारंभिक तौर पर चिकित्सकों द्वारा पैर में फ्रैक्चर होने की आशंका जताई जा रही है।अस्पताल में उनका उपचार जारी है तथा आवश्यक चिकित्सकीय जांच की जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही पाण्डुका पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने दोनों वाहनों की स्थिति का जायजा लिया तथा ग्रामीणों से पूछताछ कर हादसे के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया।दुर्घटना कैसे हुई इसका स्पष्ट कारण पुलिस जांच के बाद ही सामने आयेगा।

# एसईसीएल विश्रामपुर प्रबंधन ने डी एम क्यू कॉलोनी के नाला में भरा मलवा को हटाने के कार्य में मजदूर लगाया

### डी एम क्यू कालोनी का जांच कर कल पहुंची थी नायब तहसीलदार मीना सिंह मलवा हटाने सिविल विभाग को दिया था निर्देश





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** डी एम क्यू कॉलोनी में नाला से जल भराव की शिकायत पर नायन तहसीलदार मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर प्रबंधन से बात की थी प्रबंधन ने सिविल विभाग में आज मजदूर लगाकर मालवा को साफ सफाई कराई।

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की डीएमक्यू श्रमिक कालोनी में एस ई सी एल बिश्रामपुर क्षेत्र के ठेकेदार ने नल का बाउंड्री तोड़कर नल नहीं छोड़ दिया जो मोहल्ले वासियों के लिए सर दर्द बना हुआ है नाला में मालवा भर जाने के कारण पूरा जाम हो गया जिससे पानी का बरसाती पानी का जल निकासी नहीं हो पाने के कारण कॉलोनी के घरों में घुस रहा है जिस मोहल्ले वासी काफी परेशान नजर आ रहे हैं मोहल्ले वासियों ने नगर पंचायत शिवनंदनपुर एवं पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह से शिकायत कर उचित कार्रवाई करने की मांग की थी।

एस ई सी एल के ठेकेदार ने कॉलोनी के सेफ्टी के लिए बना नल का चारदीवारी बाउंड्री को जेसीबी मशीन से तोड़ दिया जिससे वर्षों से नाला में मालवा बिखरा हुआ है जिससे पानी के बाहर रुक गया और पूरा जाम हो गया पानी निकासी के अभाव में पूरा जल कॉलोनी के क्वार्टर में वर्षों से बरसात के सीजन में पानी से भर जाता है जो कॉलोनी वासियों के लिए जीना मुश्किल कर देता है।

एस ई सी एल बिश्रामपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय के सामने स्थित कालोनी में स्थित नाला में जल निकासी हो नहीं पाता बारिश का पानी अब नाला से न जा कर सीधे श्रमिकों के घरों में घुस रहा है। कॉलोनी की सड़कें तालाब में तब्दील हो गई हैं और परिवारों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

वार्ड पार्षद मनी बगा, भाजपा नेता सीती कांत स्वाई सहित कालोनीवासियों का आरोप है कि जिस नाले से वर्षों तक बारिश का पानी निकल जाता था, उसे कुछ अतिक्रमण कारियों व एस ई सी एल के ठेकेदार ने पाट दिया है तो वही भू माफ़िया जमीन की अवैध प्लाटिंग कर बेच दी है जिससे बारिश होते ही पूरा कालोनी जलमग्न हो जाता है। कई घरों में पानी भरने से घरेलू सामान खराब हो रहे हैं, वहीं बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी वासियों ने नगर पंचायत शिवनंदन को नायक तहसीलदार पिलखा से शिकायत की जिसपर नगर पंचायत शिवनंदनपुर ने भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनील कुमार सिन्हा एसईसीएल विश्रामपुर के क्षेत्रीय महाप्रबंधक को नोटिस जारी कर वार्ड क्रमांक 12 गुरु घासीदास वार्ड स्थित डी एम क्यू कॉलोनी के पेट्रोल पंप के समीप जाम पड़े नाले की तत्काल सफाई कराने का कदम उठाए नहीं तो नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा 3 (खण्ड-18) के तहत कार्रवाई की जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन की होगी। इस पत्र की प्रतिलिपि कलेक्टर सूरजपुर, एसडीएम, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा नगर पंचायत अध्यक्ष को भी भेजी गई थी।

बीते काल निरीक्षण पर पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह, राजस्व निरीक्षक श्रीमती मिश्रा पटवारी, एस ई सी एल बिश्रामपुर क्षेत्र के सतीश सिंघ ओवरसियर डी के सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनील सिन्हा पहुंचे थे जहां पर तहसीलदार ने एस ई सी एल के कर्मचारियों को नाले को साफ करने का निर्देश दिया था जिस पर प्रबंधन ने गंभीरता से लेते हुए आज उक्त नाला के साफ सफाई के लिए मजदूर लगाया।

## संक्षिप्त समाचार

### जल संरक्षण से समृद्धि तक का सफर, मिट्टी बांध ने संवारी किसानों की जिंदगी



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-सूरजपुर जिले के ओड़गी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कालामांजन में विकसित भारत जी-राम-जी योजना के तहत निर्मित मिट्टी बांध आज ग्रामीणों के लिए आजीविका और कृषि विकास का सशक्त माध्यम बन गया है। इस बांध ने न केवल सिंचाई की सुविधा को मजबूत किया है, बल्कि ग्रामीणों की आय बढ़ाने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गाँव के किसान श्री सुखनंदन सिंह इस परिवर्तन की प्रेरणादायक मिसाल हैं। पहले वे मुख्य रूप से धान की खेती पर निर्भर थे, लेकिन अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता था। मिट्टी बांध के निर्माण के बाद उन्होंने मछली पालन शुरू किया, जिससे आज वे प्रतिवर्ष लगभग 50 हजार से 01 लाख रुपये तक की आय अर्जित कर रहे हैं। शासन की ओर से उन्हें वर्ष में दो किश्तों में तीन-तीन हजार रुपये की आर्थिक सहायता के साथ मछली बीज, जाल इत्यादि भी उपलब्ध कराया जाता है, जिससे उनका व्यवसाय और अधिक सुदृढ़ हुआ है। श्री सुखनंदन सिंह बताते हैं कि मछली पालन से होने वाली अतिरिक्त आय का उपयोग वे अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा तथा खेती के लिए खाद, बीज और अन्य कृषि सामग्री खरीदने में करते हैं। वे इस पहल के लिए छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। मिट्टी बांध का लाभ केवल एक किसान तक सीमित नहीं है। आसपास के अनेक किसान भी इस जलस्त्रोत का उपयोग धान सहित अन्य फसलों की सिंचाई के लिए कर रहे हैं, जिससे उनकी कृषि उत्पादकता में वृद्धि हुई है। वहीं, बांध निर्माण के दौरान विकसित भारत जी-राम-जी योजना के माध्यम से गांव के अनेक श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर रोजगार भी प्राप्त हुआ।

### सैमसंग ने 'सैमसंग इनोवेशन कैंपस' का 2026 एडिशन लॉन्च किया

सैमसंग इंडिया ने अपने खास ष्टस्क्र प्रोग्राम, 'सैमसंग इनोवेशन कैंपस' (SIC) के 2026 एडिशन को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह प्रोग्राम युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) में इंडस्ट्री के लिए ज़रूरी स्किल्स सिखाने के लिए बनाया गया है। 2026 एडिशन को 'इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ़ इंडिया' (ESSCI) और 'टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल' (TSSC) के साथ मिलकर लागू किया जाएगा। इन साझेदारियों के ज़रिए, सैमसंग का लक्ष्य 10 राज्यों में 20,000 युवाओं को AI की ट्रेनिंग देना है, ताकि इंडस्ट्री के लिए ज़रूरी AI शिक्षा तक पहुँच बढ़ाई जा सके और भारत के भविष्य के,ढ्ढ टैलेंट पाइपलाइन को मज़बूत किया जा सके। AI दुनिया के काम करने के तरीके को बदल रहा है — हेल्थकेयर और मैन्युफैक्चरिंग से लेकर शिक्षा और रोज़मर्रा की सेवाओं तक। जैसे-जैसे भारत अपने AI लक्ष्यों को तेज़ी से आगे बढ़ा रहा है, एक कुशल वर्कफोर्स तैयार करना ज़रूरी होगा ताकि ज़्यादा से ज़्यादा लोग AI की ताकत का इस्तेमाल कर सकें और इनोवेशन को बढ़ावा दे सकें। भारत में अपने चौथे साल में, SIC 18-25 साल के युवाओं को प्रैक्टिकल AI ट्रेनिंग, प्रोजेक्ट-बेस्ड लर्निंग, मेंटरशिप और असल दुनिया के एप्लीकेशन का अनुभव देगा। इससे वे दुनिया के सबसे तेज़ी से बढ़ते टेक्नोलॉजी क्षेत्रों में से एक में करियर के लिए तैयार हो सकेंगे। सैमसंग साउथ वेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और CEO, JB पार्क ने कहा,, AI हमारे समय के सबसे बड़े मौकों में से एक है, और भारत अपने युवा टैलेंट की ताकत से इस बदलाव का नेतृत्व करने की खास स्थिति में है। इस मौके का फ़ायदा उठाने के लिए सही स्किल्स विकसित करने, इनोवेशन को बढ़ावा देने और हर इच्छुक सीखने वाले के लिए, AI शिक्षा को ज़्यादा सुलभ बनाने में लगातार निवेश की ज़रूरत होगी, चाहे वे कहीं से भी आए हों। सैमसंग में, हमारा मानना है कि टेक्नोलॉजी तब सबसे ज़्यादा असर डालती है जब वह लोगों को सशक्त बनाती है। SIC के ज़रिए, हम AI टैलेंट की अगली पीढ़ी में निवेश कर रहे हैं, और युवा भारतीयों को वह ज्ञान, आत्मविश्वास और प्रैक्टिकल अनुभव हासिल करने में मदद कर रहे हैं जो भारत की इनोवेशन यात्रा में योगदान देने के लिए ज़रूरी है। भारत में अपने 30 साल पूरे करने के मौके पर, हम देश के ग्लोबल AI लीडर बनने के विज़न का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम ऐसे टैलेंट को निखार रहे हैं जो देश के भविष्य को आकार देगा।

## संपादकीय

### नौकरशाहों का शिकंजा

इसरो के पूर्व चेयरमैन जी. माधवन नायर ने अब वो राज़ बताया है, जिस पर कयास लग रहे थे। उन्होंने कहा कि इसरो में वैज्ञानिकों के ऊपर नौकरशाहों का शिकंजा कसने की प्रवृत्ति बढ़ी है। इसी महीने यह चौंकाने वाली खबर आई कि तकरीबन 120 वैज्ञानिकों और तकनीक-कर्मियों ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) से इस्तीफा दे दिया, अथवा समय से पहले अवकाश ग्रहण कर लिया है। इनमें गगनयान, चंद्रयान-3 और स्पाडेक्स जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियानों से जुड़े वैज्ञानिक शामिल बताए गए। तब से इसरो से वैज्ञानिकों के मोहभंग को लेकर कई तरह के कयास लगाए जाते रहे हैं। बहरहाल, केंद्र का रुख उलटबासी की तरह रहा। वैज्ञानिकों के असंतोष के कारणों का पता लगाने का इरादा दिखाने के बजाय सरकार ने सख्ती का पैगाम दिया। अंतरिक्ष विभाग ने वैज्ञानिकों के इस्तीफे और स्वैच्छिक अवकाश-ग्रहण पर रोक लगा दी। बहरहाल, इसरो के पूर्व चेयरमैन जी. माधवन नायर ने अब एक मीडिया इंटरव्यू में वो राज़ बताया है, जिस पर कयास लग रहे थे। उन्होंने कहा कि इसरो में 'ब्यूरोक्रेटाइजेशन' यानी वैज्ञानिकों के ऊपर नौकरशाहों का शिकंजा कसने की प्रवृत्ति बढ़ी है। यह वैज्ञानिकों के पलायन का प्रमुख कारण बना है। नायर ने दो टूक कहा कि वैज्ञानिक केवल पैसों के लिए इसरो छोड़ कर नहीं जा रहे, बल्कि संस्थान में बढ़ती नौकरशाही और प्रशासनिक जटिलताएं इसकी बड़ी वजह हैं। नायर ने ये सुझाव भी दिया है कि अंतरिक्ष आयोग के पूर्ण अधिकारों को बहाल किया जाए और शीर्ष प्रतिभाओं के लिए प्रदर्शन-आधारित इंसेंटिव फिर से शुरू की जाए। इन बातों का अर्थ है कि मौजूदा सरकार ने इन दोनों मामलों में पहले से जारी चलन को पलट दिया है। नायर ने कहा कि नई संस्थाओं (जैसे इन-स्पेस और एनएसआईएल) के आने से फैसले लेने की प्रक्रिया जटिल हुई है, जिसे फिर से सरल और प्रभावी बनाने की जरूरत है। नायर ने चेतावनी दी है कि बाहरी एजेंसियों की ओर से इसरो के अत्यधिक प्रशिक्षित कर्मियों और समृद्ध संसाधनों को अपनी ओर खींचने का जबरदस्त दबाव है, जिससे अंतरिक्ष कार्यक्रम को गंभीर नुकसान पहुंचेगा। जिस समय निजी क्षेत्र ने भी भारत के अंतरिक्ष अभियान क्षेत्र में कदम रखा है, ऐसी टिप्पणियों का खास महत्त्व हो जाता है। ये टिप्पणियां सरकार की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाती हैं। क्या केंद्र इस बारे में देश को भरोसे में लेगा?

## सुषमा के स्नेहिल सृजन

### विधा-क्षणिकाएँ

मुकेश जी

सावन का महीना-
सावन बरसे,
भीगे सुरों के वन-
महके तन मन।
'सुषमा' के मन,
गूँजे मधुर तराने,
नेह अनंत।
**कहीं दूर जब दिन ढल जाये-**
साँझ की बेला,
स्वर दीप जलाते-
मन आलोकित।
'सुषमा' नमन,
अमर स्वरों की छाया,
मन विभोर।
**जीना यहाँ मरना यहाँ -**
देह गई पर,
स्वर रहे धड़कते-
युगों-युगों तक।
'सुषमा' सुनती,
दर्द भरे वे नगमे,
भीगे नयन।
**दोस्त-दोस्त न रहा-**
टूटे रिश्ते,
गीत बने संबल-
मन संभला।
'सुषमा' कहे,
स्वर नहीं मरते-
रहते अमर।
**कभी-कभी मेरे दिल में-**
स्मृतियों में,
मधुर स्वर मुस्काएँ-
नेह अमर।
'सुषमा' सुमन,
अर्पित मुकेश जी को,
शत-शत नमन।
सुषमा प्रेम पटेल रायपुर छ ग
सुप्रभात सौम्य अभिवादन
'सुषमा' के शब्द-सुमन, मुकेश जी की मधुर स्मृति को समर्पित।

### संस्थाओं के ऊपर से लोगों का भरोसा समाप्त

एक एक करके इस देश की हर संस्था की साख खत्म होती जा रही है और संस्थाओं के ऊपर से लोगों का भरोसा समाप्त है, और इसका नया आयाम कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी की ओर से जंतर मंतर पर हुए प्रदर्शन शुरू हुआ घटनाक्रम भी है। ध्यान रहे देश दो चीजों पर भरोसे से चलता है। पहली चीज है इलेक्शन और दूसरी चीज है एग्जामिनेशन। इन दोनों पर भरोसे का संकट है। एक के बाद एक चुनाव जीतने की जिद में भाजपा ने ऐसे काम किए, जिनसे लोगों का भरोसा घटा। यह सिर्फ विपक्षी पार्टियों का मामला नहीं है। आम लोगों के मन में भी यह धारणा बैठ गई है कि कहीं न कहीं कुछ गड़बड़ है। यह धारणा बनवाने में भाजपा का इकोसिस्टम भी समान रूप से जिम्मेदार है। 'मोदी है तो मुमकिन है' का नारा भी इस धारणा को मजबूत करता है। भाजपा इकोसिस्टम के लोग अमित शाह की लार्जर दैन लाइफ छवि बनाने के लिए ऐसा प्रचार करते हैं कि वे जहां हाथ डाल देंगे वहां कामयाबी मिलेगी। रील्स और वीडियो बना कर प्रचारित कराया जाता है कि वे जहां चाहेंगे वहां चुनाव जिता देंगे। पश्चिम बंगाल की जीत के बाद यह प्रचार तेज हुआ है। लोकसभा चुनाव में भाजपा 240 सीट पर आ गई थी। लेकिन उसके बाद महाराष्ट्र से लेकर हरियाणा और दिल्ली व बिहार में जैसे वह जीती है उससे भी लोगों के मन मे यह धारणा बैठी कि कुछ भी हो जाए भाजपा जीतेगी। इससे चुनाव आयोग के साथ साथ चुनाव की विश्वसनीयता प्रभावित हुई। भाजपा के लोग मजाक में ही सही लेकिन इस धारणा का प्रचार करते हैं कि वोट किसी को दीजिए।

# ढाई साल की उपलब्धियाँ- छत्तीसगढ़ का श्रमिक कल्याण के क्षेत्र में नई पहचान....




### श्रमिकों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता

पिछले ढाई साल में श्रम विभाग ने गढ़ी सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि की मिसाल। छत्तीसगढ़ सरकार ने पिछले ढाई वर्षों में श्रमिकों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अनेक ऐतिहासिक पहल की हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने श्रमिक कल्याण को केवल योजनाओं तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे सुशासन, पारदर्शिता और तकनीकी नवाचार से जोड़ते हुए श्रमिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। वहीं श्रम एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में विभाग ने श्रमिकों तक योजनाओं का लाभ तेज़ी और सरलता से पहुंचाने के लिए व्यापक सुधार किए हैं।

### श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में हो रहा है सुधार

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्रमिकों एवं उनके परिजनों की बेहतरी के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है, इन योजनाओ के माध्यम से श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। राज्य में संगठित, असंगठित और निर्माण श्रमिकों के हितों के संरक्षण के लिए विभिन्न श्रम कल्याण मंडलों के माध्यम से 67 कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। श्रमिकों के पंजीयन, सहायता और योजनाओं के लाभ को अधिक पारदर्शी एवं सुगम बनाने के लिए श्रम विभाग ने नई यूजर-फ्रेंडली वेबसाइट shramvjayate.ch.gov.in श्रमेव जयते मोबाइल एप विकसित किया है, जिससे श्रमिक अब ऑनलाइन आवेदन, पंजीयन और अन्य सुविधाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर रहे हैं। ढाई वर्षों में श्रम विभाग ने प्रशासनिक व्यवस्था को भी मजबूत किया है। 5 नए जिलों (मोहला-मानपुर-अंबागढ़,चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, ,सारंगढ़-बिलाईगढ़, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं सक्ती) में श्रम अधिकारी कार्यालय की स्थापना हेतु 20 पदों का सृजन किया गया है। वर्तमान में 10 जिलों के सहायक श्रमायुक्त कार्यालय तथा 23 जिलों में श्रम पदाधिकारी कार्यालय संचालित है। इस प्रकार राज्य के सभी 33 जिलों में श्रम कार्यालयों का संचालन सुनिश्चित किया गया है। इसके साथ ही विभिन्न पदों पर नियुक्तियां कर विभागीय क्षमता को भी बढ़ाया गया है। उद्योगों और श्रमिकों के बीच बेहतर संतुलन स्थापित करने के उद्देश्य से श्रम कानूनों में कई महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं। दुकानों एवं स्थापना अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन, फिक्स्ड टर्म एम्प्लॉयमेंट, महिला श्रमिकों के लिए रात्रिकालीन कार्य की सुविधा, फैक्ट्री लाइसेंस की अवधि बढ़ाने जैसे अनेक निर्णयों ने रोजगार सृजन के साथ श्रमिक अधिकारों को भी मजबूत किया है।

### लगभग 17.82 लाख श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित

श्रम विभाग की उपलब्धियों में सबसे उल्लेखनीय सफलता श्रमिक पंजीयन और हितलाभ वितरण रही है। 1 जनवरी 2024 से 30 जून 2026 के बीच लगभग 12.65 लाख नए श्रमिकों का पंजीयन किया गया। लगभग 17.82 लाख श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया गया, जिन पर लगभग 800 करोड़ रुपये से अधिक की राशि व्यय की गई। निर्माण श्रमिकों को लगभग 780 करोड़ रुपये तथा असंगठित श्रमिकों को लगभग 187 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई। लाभ वितरण को पारदर्शी बनाने के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) प्रणाली लागू की गई है।

### मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केंद्र 24 घंटे, सात दिन संचालित

मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केंद्रों की स्थापना श्रमिकों के लिए बड़ी राहत साबित हुई है। मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केंद्र 24 घंटे, सात दिन संचालित किया जा रहा है। संचालित राज्यभर में मोबाइल शिविर आयोजित कर लाखों श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण और आवेदन संबंधी समस्याओं का समाधान किया गया है। इससे दूरस्थ क्षेत्रों के श्रमिकों को भी सरकारी सेवाओं का लाभ घर के समीप मिल रहा है। राज्य सरकार ने श्रमिक परिवारों के सामाजिक सुरक्षा कवच को भी मजबूत किया है। मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के तहत आवास सहायता राशि बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये की गई है। मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता, छात्रवृत्ति, श्रमिक परिवारों के बच्चों के लिए शिक्षा सहायता तथा अन्य योजनाओं के माध्यम से हजारों परिवारों को आर्थिक संबल मिला है।

### 1.60 लाख से अधिक महिला श्रमिकों को मातृत्व सहायता

महिला श्रमिकों के सम्मान और सुरक्षा की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। मिनीमाता महतारी जतन योजना के अंतर्गत निर्माण एवं असंगठित क्षेत्र की 1.60 लाख से अधिक महिला श्रमिकों को मातृत्व सहायता प्रदान की गई। वहीं 'शहीद वीरनारायण सिंह श्रम अन्न योजना' के माध्यम से पंजीकृत श्रमिकों को मात्र 5 रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। श्रमिकों के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए मेधावी शिक्षा सहायता, नि:शुल्क प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग तथा छात्रवृत्ति योजनाओं का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। हजारों विद्यार्थियों को इन योजनाओं का लाभ मिला है, जिससे श्रमिक परिवारों के सपनों को नई उड़ान मिल रही है।

### छत्तीसगढ़ का श्रमिक कल्याण के क्षेत्र में नई पहचान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में श्रमिक कल्याण को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का जो संकल्प लिया गया है, उसे श्रम एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के नेतृत्व में श्रम विभाग प्रभावी रूप से जमीन पर उतार रहा है। पारदर्शी व्यवस्था, तकनीकी नवाचार, त्वरित सेवा, सामाजिक सुरक्षा और श्रमिक सम्मान की भावना ने छत्तीसगढ़ को श्रमिक कल्याण के क्षेत्र में नई पहचान दी है। ढाई वर्षों की यह यात्रा केवल योजनाओं और आंकड़ों की कहानी नहीं, बल्कि लाखों श्रमिक परिवारों के जीवन में आए विश्वास, सुरक्षा और समृद्धि की नई शुरुआत है।

# राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर श्रमदान का संकल्प






■ आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा से 10 राज्यों में 2,700 से अधिक हाथकरघों के माध्यम से ग्रामीण स्वावलंबन का सशक्त अभियान

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर श्रमदान ने भारतीय हाथकरघा परंपरा, ग्रामीण रोजगार और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के प्रति अपने संकल्प को पुन: व्यक्त किया। यह अभियान पूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से प्रारंभ हुआ। उनका स्पष्ट संदेश था कि भारत का वास्तविक उत्थान गाँवों के आर्थिक, सांस्कृतिक और नैतिक पुनर्जागरण से ही संभव है। इसी विचार को आधार बनाकर श्रमदान ने पिछले एक दशक में हाथकरघे को केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि ग्रामोदय से राष्ट्रोदय का माध्यम बनाया है। आज श्रमदान का कार्य 10 राज्यों में संचालित हो रहा है, जहाँ 68 से अधिक हाथकरघा केंद्र तथा 9 से अधिक हस्तशिल्प केंद्र ग्रामीण भारत में कौशल, संस्कृति और स्वावलंबन का संगम बन चुके हैं।

**पिछले 10 वर्षों में श्रमदान द्वारा—**

4,500 से अधिक ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं को प्रशिक्षण के बाद रोजगार मिला।

2,700 से अधिक सक्रिय हाथकरघे संचालित किए जा रहे हैं।

लगभग साढ़े चार हजार परिवार इस अभियान से प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हुए हैं।

500 से अधिक घर-आधारित हाथकरघे स्थापित किए गए हैं।

40 सूक्ष्म ग्राम केंद्र विकसित किए गए हैं।

श्रमदान की सबसे प्रेरणादायक पहल कारागारों में पुनर्वास का कार्य है। वर्तमान में देश की 9 जेलों में हाथकरघा इकाइयाँ संचालित हैं, जहाँ 305 से अधिक बंदी भाई-बहन सम्मानजनक कार्य से जुड़े हैं तथा 250 से अधिक बंदी प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद रिहा होकर समाज की मुख्यधारा में स्वाभिमान के साथ जीवन जी रहे हैं। श्रमदान का मानना है कि हाथकरघा केवल वस्त्र निर्माण का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, कौशल विकास और मानवीय पुनर्वास का प्रभावी साधन है। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर श्रमदान देशवासियों से आग्रह करता है कि वे भारतीय हाथकरघा उत्पादों को अपनाकर उन हजारों बुनकर परिवारों का समर्थन करें, जिनके श्रम से भारत की सांस्कृतिक विरासत आज भी जीवंत है।

**श्रमदान का संदेश**- जब एक हाथकरघा चलता है, तब केवल कपड़ा नहीं बनता; एक परिवार आत्मनिर्भर होता है, एक गाँव सशक्त होता है और भारत अपनी सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करता है। आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा से प्रारम्भ हुई ग्रामोदय से राष्ट्रोदय की यह यात्रा वर्तमान में आचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज के मार्गदर्शन में सतत आगे बढ़ती जा रही है

# नवजात का पहला सुरक्षा कवच- स्तनपान और इसका सामाजिक महत्व

■ माँ का दूध नवजात शिशु की प्रतिरक्षा की पहली खुराक है

■ अमृत तुल्य है माँ का पहला गाढ़ा पीला दूध

धनंजय राठौर

विश्व स्तनपान सप्ताह हर साल 1 से 7 अगस्त तक मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य शिशु के स्वास्थ्य के लिए माँ के दूध के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करना है। जन्म के पहले घंटे के भीतर स्तनपान शुरू करना और शुरुआती छह महीने तक केवल माँ का दूध ही देना बच्चे के लिए सबसे जरूरी है। स्तनपान के दौरान त्वचा से त्वचा का संपर्क मां और बच्चे के बीच भावनात्मक बंधन को मजबूत करता है, जिससे आराम, गर्माहट और सुरक्षा की भावना मिलती है जो स्वस्थ भावनात्मक विकास में सहायक होती है।

**स्तनपान शिशुओं को जानलेवा संक्रमणों से बचाती है**

हर साल 1 अगस्त से 7 अगस्त तक दुनिया भर में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य माताओं और समाज को शिशुओं के स्वास्थ्य के लिए स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूक करना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ के अनुसार, शिशु के जन्म के बाद पहला घंटा और शुरुआती छह महीने उसका पूरा जीवन संवारने में सबसे निर्णायक भूमिका निभाते हैं। स्तनपान करने वाले शिशुओं में दस्त, निमोनिया, कान के संक्रमण और कुछ श्वसन संबंधी संक्रमण जैसी आम बचपन की बीमारियों का खतरा कम होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, इष्टतम स्तनपान शिशुओं को जानलेवा संक्रमणों से बचाकर विश्व स्तर पर प्रतिवर्ष लाखों शिशु मृत्यु को रोकने की क्षमता रखता है।

### अमृत तुल्य है पहला गाढ़ा पीला दूध (कोलस्ट्रम)

जन्म के पहले कुछ घंटों में, माँ का दूध सिर्फ़ भोजन नहीं होता, बल्कि यह नवजात शिशु की प्रतिरक्षा की पहली खुराक होती है, जो सीधे माँ के शरीर से बच्चे तक पहुँचती है। जन्म के बाद का पहला घंटा, जिसे अक्सर गोल्डन आवर कहा जाता है, स्तनपान शुरू करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान बच्चे स्वाभाविक रूप से सतर्क रहते हैं और सहज रूप से स्तन की तलाश करते हैं। त्वचा से त्वचा का शुरुआती संपर्क न केवल सफल स्तनपान की दर को बढ़ाता है, बल्कि बच्चे के तापमान, हृदय गति और रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में भी मदद करता है। शिशु के जन्म के तुरंत बाद (एक घंटे के भीतर) मां का पहला गाढ़ा पीला दूध, जिसे कोलस्ट्रम कहा जाता है, बच्चे का पहला प्राकृतिक टीका होता है। इसमें भरपूर मात्रा में एंटीबॉडीज, प्रोटीन और विटामिन होते हैं, जो नवजात शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती प्रदान करते हैं और उसे विभिन्न प्रकार के संक्रमणों से बचाते हैं।

### शुरुआती 6 महीने केवल और केवल मां का दूध

चिकित्सकों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों की स्पष्ट सलाह है कि जन्म से लेकर 6 महीने की उम्र तक बच्चे को केवल मां का दूध ही देना चाहिए। इस अवधि के दौरान बच्चे को पानी, ऊपर का दूध या शहद जैसी चीजें देने की बिल्कुल भी आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि मां के दूध में बच्चे की प्यास और भूख बुझाने के लिए सही अनुपात में पानी और सभी आवश्यक पोषक तत्व मौजूद होते हैं। 6 महीने पूरे होने के बाद, स्तनपान जारी रखते हुए बच्चे को धीरे-धीरे ऊपरी पौष्टिक आहार देना शुरू किया जा सकता है, जिसे 2 साल या उससे अधिक समय तक जारी रखा जा सकता है।

### स्तनपान के बहुआयामी लाभ

शिशु के लिए स्वास्थ्य वरदान है, स्तनपान कराने से बच्चों में दस्त, निमोनिया, कान के संक्रमण और कुपोषण का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। अध्ययनों से सिद्ध हुआ है कि स्तनपान करने वाले बच्चों का बौद्धिक विकास और मानसिक स्वास्थ्य अन्य बच्चों की तुलना में बेहतर होता है। यह आगे चलकर बच्चों में मोटापा, डायबिटीज और अस्थामा जैसी क्रोनिक बीमारियों की संभावना को घटाता है। स्तनपान कराने से माताओं में स्तन कैंसर और अंडाशय के कैंसर का जोखिम कम होता है। यह प्रसव के बाद वजन घटाने और गर्भाशय को पुन: सामान्य आकार में लाने में मदद करता है। मां और बच्चे के बीच एक भावनात्मक और अटूट संबंध स्थापित होता है।

### समाज और परिवार की जिम्मेदारी

स्तनपान केवल एक मां की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह परिवार और समाज की साझी जिम्मेदारी है। अक्सर देखा जाता है कि जानकारी के अभाव, सामाजिक रूढ़ियों, या कामकाजी माहौल में सुविधाओं की कमी के कारण महिलाएं समय पर स्तनपान नहीं करा पातीं। प्रसव के बाद मां को सही पोषण, मानसिक शांति और आराम मिलना आवश्यक है ताकि वह बिना किसी तनाव के बच्चे को स्तनपान करा सके। कामकाजी माताओं के लिए कार्यस्थलों में क्रैच सुविधा, मैटरनिटी लीव (प्रसूति अवकाश) और ब्रेस्टफीडिंग ब्रेक जैसी सुविधाएं होना बेहद जरूरी है। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और मॉल जैसे सार्वजनिक स्थानों पर माताओं के लिए सुरक्षित और स्वच्छ फीडिंग रूम की व्यवस्था होनी चाहिए। विश्व स्तनपान सप्ताह हमें यह याद दिलाता है कि बच्चों को उनका मौलिक अधिकार मां का दूध दिलाने के लिए हम सभी को मिलकर एक अनुकूल वातावरण तैयार करना होगा। जब एक मां बिना किसी संकोच और बाधा के अपने बच्चे को स्तनपान करा सकेगी, तभी हम एक कुपोषण-मुक्त और स्वस्थ समाज की कल्पना साकार कर सकते हैं।

# जैन श्रमण संस्कृति के 50 से अधिक आधारभूत शास्त्रीय ग्रंथ भेंट

■ दुर्लभ प्राकृत एवं संस्कृत ग्रंथों से समृद्ध हुआ श्री राम किंकर उपाध्याय पुस्तकालय एवं शोध केंद्र



**भोपाल (विश्व परिवार)।** तुलसी मानस प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश द्वारा तुलसी जयंती समारोह-2026 के अंतर्गत आयोजित पंचदिवसीय श्रीराम कथा के अवसर पर श्री राम किंकर उपाध्याय पुस्तकालय एवं शोध केंद्र को जैन श्रमण संस्कृति के 50 से अधिक आधारभूत शास्त्रीय ग्रंथ भेंट किए गए।

यह अमूल्य ग्रंथ सिंघई सतीशचन्द्र-केशरदेवी जैन जनकल्याण संस्थान, नैनागिरि की ओर से वरिष्ठ प्रशासक सुरेश जैन (आईएएस) एवं न्यायमूर्ति विमला जैन द्वारा प्रदान किए गए।

मंच पर श्रद्धेय दीदी मंदाकिनी राम किंकर, पूर्व राज्यपाल माननीय श्री कप्तान सिंह सोलंकी, पूर्व सांसद तथा प्रतिष्ठान के कार्याध्यक्ष माननीय श्री रघुनंदन शर्मा, पूर्व सांसद तथा तुलसी मानस के यशस्वी संपादक श्री पी.डी. मिश्रा विराजमान थे।

इस अवसर पर सुरेश जैन आईएएस ने कहा कि यह शोध केंद्र भारतीय ज्ञान, संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। उन्होंने बताया कि यहां 22 हजार से अधिक पुस्तकों का विशाल संग्रह उपलब्ध है और यह शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों तथा संस्कृति प्रेमियों के लिए राष्ट्रीय स्तर का अध्ययन केंद्र बन चुका है।

उन्होंने तुलसी मानस प्रतिष्ठान के कार्याध्यक्ष रघुनंदन शर्मा, संयोजक राजेंद्र शर्मा सहित सभी पदाधिकारियों के सांस्कृतिक योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी निष्ठापूर्ण सेवाओं से भोपाल देश की सांस्कृतिक राजधानी बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

### षट्खंडागम और कसायपाहुड़ श्रमण संस्कृति की आधारशिला

अपने संबोधन में सुरेश जैन ने कहा कि भेंट किए गए ग्रंथों में षट्खंडागम, कसायपाहुड़, आदिपुराण, उत्तरपुराण, हरिवंशपुराण सहित अनेक दुर्लभ प्राकृत एवं संस्कृत ग्रंथ शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि षट्खंडागम और कसायपाहुड़ लगभग दो हजार वर्ष पुरानी भारतीय आध्यात्मिक और दार्शनिक परंपरा के आधारभूत ग्रंथ हैं, जिनमें आत्मा, कर्म, कषाय और जीवन-दर्शन का गहन विवेचन मिलता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष षट्खंडागम का द्विसहस्राब्दी समारोह राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है। ऐसे में इन ग्रंथों पर आधुनिक संदर्भों में व्यापक शोध, अध्ययन और व्याख्या की आवश्यकता है, ताकि नई पीढ़ी भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ सके।

### राम, कृष्ण और ऋषभदेव के आदर्शों का संगम

आदिपुराण, उत्तरपुराण, पद्मपुराण, पउमचरियं और हरिवंशपुराण जैसे ग्रंथों में भगवान ऋषभदेव, भरत, बाहुबली, भगवान राम, लक्ष्मण, श्रीकृष्ण और नेमिनाथ सहित अनेक महापुरुषों के आदर्श जीवन का वर्णन मिलता है। ये ग्रंथ भारतीय संस्कृति की साझा विरासत को समृद्ध करते हैं।

उन्होंने कहा कि वैदिक और श्रमण परंपराएं भारतीय संस्कृति की दो सशक्त धाराएं हैं। दोनों मिलकर अहिंसा, समरसता और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को सुदृढ़ करती हैं तथा विश्व बंधुत्व का संदेश देती हैं।

अंत में सुरेश जैन ने देशभर के अध्येताओं, शोधकर्ताओं और विद्वानों का श्री राम किंकर उपाध्याय पुस्तकालय एवं शोध केंद्र में अध्ययन एवं शोध के लिए स्वागत करते हुए कहा कि यह संस्थान भारतीय ज्ञान, संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण तथा संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

इस अवसर पर न्यायमूर्ति विमला जैन, भारत सरकार के सुप्रसिद्ध इंजीनियर सुरेंद्र सिंघई, प्रो. महेंद्र सिंघई, अपर आयुक्त सहकारिता श्री अखिलेश जैन तथा भोपाल विकास प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. विनोद मोदी सहित वरिष्ठ समाजजन उपस्थित थे।

# राज्यपाल रमेन डेका व विधायक पुरन्दर मिश्रा ने सपत्नीक किए महाप्रभु जगन्नाथ के दर्शन



■ पुरी में गूंजा जय जगन्नाथः राज्यपाल रमेन डेका एवं विधायक पुरन्दर मिश्रा ने सपरिवार की पूजा-अर्चना

**रायपुर/पुरी (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम रमेन डेका एवं रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक पुरन्दर मिश्रा ने सपत्नीक एवं सपरिवार पवित्र नगरी पुरी पहुंचकर महाप्रभु श्री जगन्नाथ स्वामी जी के दर्शन किए तथा विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर परिवारजनों के साथ महाप्रभु जगन्नाथ जी के दिव्य दर्शन कर सभी ने श्रद्धा एवं भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में आध्यात्मिक वातावरण के बीच महाप्रभु के दर्शन से सभी श्रद्धालु भावविभोर नजर आए।

विधायक पुरन्दर मिश्रा ने कहा कि महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी की कृपा समस्त प्रदेशवासियों पर बनी रहे, छत्तीसगढ़ निरंतर प्रगति और समृद्धि के पथ पर आगे बढ़े तथा हर परिवार में सुख, शांति और खुशहाली आए, यही प्रार्थना की गई। महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी जी से प्रदेश की उन्नति, जनकल्याण एवं सर्वांगीण विकास के लिए मंगलकामना की गई।

# विश्व जैन संगठन की मुख्य कार्यकारिणी में पदाधिकारियों की नियुक्ति

■ श्री नेमी गिरनार धर्म यात्रा 2026 के सफल आयोजन में सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** विश्व जैन संगठन के दिल्ली में सैनी एनक्लेव स्थित कार्यालय में दिनांक 6 अगस्त 2026 को मुख्य कार्यकारणी की एक विशेष सभा का आयोजन किया गया।

संगठन की मुख्य कार्यकारणी द्वारा नए पदाधिकारियों की नियुक्ति का प्रस्ताव पारित करते हुए श्री राहुल जैन को विश्व जैन संगठन का राष्ट्रीय महामंत्री, श्री अनुज जैन को राष्ट्रीय मंत्री, श्री वीरेंद्र जैन को वरिष्ठ सदस्य एवं श्री निपुण जैन को संगठन की युवा प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

दिल्ली से गिरनार जी तक आयोजित 25 दिवसीय श्री नेमी गिरनार धर्म यात्रा 2026 के नेतृत्वकर्ता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय जैन ने यात्रा के सफल आयोजन हेतु आशीर्वाद देने वाले सभी पूज्य संतों को नमन एवं सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए वर्ष 2027 में 10 जुलाई को नेमिनाथ भगवान के निर्वाण दिवस पर अबकी बार 2,22,222 पार जैनों को गिरनार जी वंदना हेतु प्रेरित करने का आह्वाहन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय जैन ने श्री सम्मेद शिखर जी पर दिन प्रतिदिन बढ़ती भीड़ एवं बाइक संचालन के कारण तीर्थ की पवित्रता एवं शांति भंग होने की बढ़ती शिकायतों के निवारण के लिए वर्ष 2022 में संगठन द्वारा तीर्थराज की पवित्रता के लिए आयोजित देशव्यापी आंदोलन की बकाया मांगो को अतिशीघ्र पूर्ण कराने पर कार्यवाही के प्रस्ताव को सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पास किया।

# प्रभु की भक्ति में ही जीवन की शान्ति : मुनि विशद सागर जी

■ जैन पंचायत द्वारा हुआ चातुर्मास पत्रिका का विमोचन



**ललितपुर (विश्व परिवार)।** नगर के पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अटा मंदिर में धर्मसभा को सम्बोधित करते मुनि श्री विशद सागर महाराज ने कहा कि जीवन में प्रभु की भक्ति ही पुण्य के कारण हैं। पूजन अर्चन और शान्तिधारा को भक्ति का माध्यम बताते हुए उन्होने कहा हमें अपने जीवन को अधिक से अधिक प्रभु चरणो से जोडना चाहिए। मुनि श्री ने धर्म सभा में श्रावकों को जीवन में पाप न करने की सीख देते हुए कहा यह विनाश का कारण है। मानव जीवन को पुण्यशाली बनाने के लिए मुनि श्री ने धर्मसभा में श्रावकों को प्रेरित किया।

धर्मसभा का शुभारम्भ आचार्यश्री विद्या सागर महाराज के चित्र के सम्मुख दीपप्रज्जवलित कर श्रेष्ठीजनों द्वारा किया गया। इस मौके पर दिगम्बर जैन पंचायत के अध्यक्ष डॉ. अक्षय टडैया एवं पदाधिकारियों ने आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के प्रभावक शिष्य मुनि विशद सागर महाराज एवं शिवसागर महाराज के ललितपुर में वर्ष 2026 के चातुर्मास पत्रिका का विमोचन किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मंदिर प्रबंधक मनोज जैन बबीना ने बताया कि 16 अगस्त को अपरान्ह 1 बजे जैन अटामंदिर में मुनि संघ का चातुर्मास कलश स्थापना कार्यकम प्रतिष्ठाचार्य वाल ब्रहमचारी प्रदीप भैया सुयश अशोकनगर के मार्गदर्शन में होगा।

इस मौके पर जैन पंचायत संयोजक सनत जैन खजुरिया, कोषाध्यक्ष सीए सौरभ जैन, अजय जैन गंगचारी, अखिलेश गदयाना, महेन्द्र मयूर, मीडिया प्रभारी अक्षय अलया अमित सराफ अशोक उमारिया, मनोजजैन पत्रकार, धन्यकुमार जैन, दिलीप चौधरी, अनंत सराफ नरेश मुक्ता, राहुल कूम्हैण्डी, अनीता मोदी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# कल बलौदाबाजार में होगी छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिभा खोज परीक्षा

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** स्वजातीय युवाओं के सर्वांगीण विकास एवं प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज युवा प्रकोष्ठ द्वारा पूरे प्रदेश में 'छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिभा खोज परीक्षा-2026' का आयोजन किया किया गया है।



इस संदर्भ में कुर्मी समाज के जिलाध्यक्ष श्री टेसूलाल धुरंधर ने बताया कि यह परीक्षा 09 अगस्त 2026 रविवार को दोपहर 12:00 बजे से 02:00 बजे तक आयोजित होगी। इसके लिए परीक्षा केंद्र पं. ल. तिवारी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अंबेडकर चौक, बलौदा बाजार को बनाया गया है। सभी परीक्षार्थियों से एक घंटा पूर्व यानी 11:00 बजे केंद्र में उपस्थित होने की अपील की गई है।

जिलाध्यक्ष श्री धुरंधर जी परीक्षा के उद्देश्य के बारे में बताया कि परीक्षा के माध्यम से समाज के युवा साथियों की प्रतिभा को निखारकर उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। इससे युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकेंगे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए परीक्षा समिति गठित की गई है। परीक्षा समिति के प्रभारी रुद्र कुमार चंद्रवंशी 9826726498- केंद्राध्यक्ष: श्रीमती रमा वर्मा - 9826945291- सहायक केंद्राध्यक्ष: श्रीमती शालिनी कश्यप पर्यवेक्षक: तिलकराम वर्मा, प्रेम सिंह वर्मा, माखन लाल वर्मा, कोमल सिंह वर्मा, अरुण वर्मा को बनाया गया है।

# सीआरपीएफ जवानों और बच्चों ने मिलकर किया पौधरोपण 'हरियाली बचाओ' का दिया संदेश




**आरंग (विश्व परिवार)।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से अजय कुमार सिंह उप महानिरीक्षक ग्रुप केंद्र भिलाई, रायपुर के दिशा-निर्देश में शुक्रवार को ग्रुप केंद्र भिलाई के सीआरपीएफ जवानों ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में वृहत् पौधरोपण अभियान चलाया। इस अभियान में जवानों के साथ स्कूली बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस दौरान स्कूल परिसर में फलदार, छायादार और औषधीय गुणों वाले कुल 250 पौधे रोपित किए गए। जवानों ने बच्चों को पौधा लगाने का सही तरीका सिखाया और उनकी देखभाल के महत्व के बारे में बताया। रोपण के बाद सभी बच्चों को पौधों की नियमित देखभाल की शपथ भी दिलाई गई।

इस अवसर पर सहायक कमांडेंट भरत भोई ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि 'पेड़ ही जीवन हैं। बढ़ते प्रदूषण और गर्मी से बचने के लिए हर नागरिक को साल में कम से कम दो पौधे अवश्य लगाने चाहिए।' उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनें और अपने घर-आंगन में भी पौधे लगाएं।ग्राम के सरपंच देवशरण धीवर और एसएमसी अध्यक्ष चेतन पैगम्बर ने सीआरपीएफ की इस पहल की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि जवानों द्वारा बच्चों के साथ मिलकर किया गया यह कार्य प्रेरणादायक है और इससे गांव में हरियाली बढ़ेगी।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल ने किया। पौधरोपण अभियान में संस्था प्रधान, सीआरपीएफ जवानों, शिक्षकों और बड़ी संख्या में बच्चों व ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर पर्यावरण बचाने और धरती को हरा-भरा रखने का संकल्प लिया। वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने चरौदा में बच्चों व शिक्षकों द्वारा लगातार पौधरोपण करने की पहल की सराहना की है।

# सैनिकों के सम्मान में बीएसपी विद्यार्थियों ने तैयार कीं 2500 राखियां

■ सीमाओं पर तैनात जवानों तक पहुंचाए जाएंगे रक्षा सूत्र

**रायपुर (विश्व परिवार)।** देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संचालित राष्ट्रव्यापी 'ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र-2026' अभियान के अंतर्गत भिलाई इस्पात संयंत्र के विद्यालयों के विद्यार्थियों ने लगभग 2500 राखियां तैयार कर सैनिकों को समर्पित कीं।



विद्यार्थियों ने श्रद्धा और स्नेह के साथ तैयार किए गए रक्षा सूत्रों के साथ सैनिकों के तिलक के लिए चुटकी भर पवित्र मिट्टी तथा उनके नाम सम्मान और शुभकामनाओं से युक्त संदेश-पत्र भी तैयार किए। इन रक्षा सूत्रों एवं अन्य सामग्री को देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 5 अगस्त 2026 को अपराह्न 3 बजे स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ, भिलाई के तत्वावधान में घड़ी चौक, सुपेला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संग्रहण समूह को ससम्मान सौंपा गया।

स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ, भिलाई पिछले चार वर्षों से इस अभियान के माध्यम से रक्षा सूत्र देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों तक पहुंचा रहा है। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक उत्तरदायित्व और सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना है।

# बुजुर्गों के चेहरों पर छाई मुस्कान, वक्ता मंच प्रशामक आश्रम पहुंचा




**रायपुर (विश्व परिवार)।** सामाजिक संस्था वक्ता मंच तथा जन एकता फाउंडेशन के सदस्य आज शाम रायपुर के सुंदर नगर स्थित प्रशामक देख रेख गृह (वृद्धाश्रम) पहुँचे एवं बुजुर्गों के साथ खेल, साहित्य व अन्य गतिविधियों के जरिये कुछ समय बिताया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में अपने बुजुर्गों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और अपनत्व की भावना को मजबूत करना था। समाज के सहयोग और सहभागिता से ही वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों का जीवन अधिक सुखद, सुरक्षित और सम्मानपूर्ण बनाया जा सकता है। वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने जानकारी दी है कि कार्यक्रम के दौरान बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। कार्यक्रम के अंत में सरदार जसपाल भामरा द्वारा आश्रम में निवासरत बुजुर्गों हेतु रात्रि भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने अपने हाथ से बुजुर्गों को भोजन परोसा और उनकी कुशलक्षेम पूछी वक्ता मंच के संयोजक शुभम साहू के नेतृत्व में हुये इस आयोजन में सरदार जसपाल सिंह, बलजीत कौर, हर्षपाल सिंह, अवनीत कौर, ज्योति शुक्ला, डॉ भारती अग्रवाल, डॉ गोपा शर्मा, हेमलाल पटेल, राजेश्वरी साहू, शिवानी मैत्रा, तामेश्वर साहू, पंकज साहू, यश साहू, परम कुमार, शुभा शुक्ला निशा, अंकुर शुक्ला, प्रमिला शर्मा, नंदनी शर्मा, प्रमदा ठाकुर सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। उपस्थित प्रबुद्धजनों ने कहा कि वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर है और उनकी सेवा व सम्मान करना हम सबका दायित्व है। इस प्रकार के आयोजन बुजुर्गों को भावनात्मक संबल और सामाजिक अपनत्व प्रदान करते है। प्रशामक गृह के संपूर्ण विकास के संकल्प के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

# कृतज्ञता और विनय के बिना जीवन अधूरा है, माता-पिता का सम्मान करना सीखें : साध्वी मंजुलाश्रीजी

■ आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026 के अंतर्गत श्री जिनकुशलसूरि जैन दादाबाड़ी में अध्यात्मसार ग्रंथ का पाठ करते हुए शुक्रवार को पूज्य साध्वी मंजुलाश्रीजी महाराज साहिबा ने कहा कि आज के समय में समाज से सबसे तेजी से यदि कोई गुण समाप्त हो रहा है, तो वह कृतज्ञता का भाव है। जब व्यक्ति अपने जीवन में किए गए उपकारों को भूलने लगता है, तब उसके भीतर विनय, विवेक और सद्गुण भी धीरे-धीरे समाप्त होने लगते हैं।

साध्वीश्री ने कहा कि आज अनेक परिवारों में देखने को मिलता है कि बच्चों में माता-पिता के प्रति पहले जैसी श्रद्धा, सम्मान और आज्ञाकारिता नहीं रही। जिस माता-पिता ने जन्म दिया, पालन-पोषण किया, अपनी इच्छाओं का त्याग कर बच्चों का भविष्य संवारने में पूरा जीवन लगा दिया, वही संतान कभी-कभी उनके साथ ऐसा व्यवहार कर बैठती है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। कई बार बच्चे ऐसे कठोर शब्द बोल देते हैं, जिनका विचार भी मन में नहीं आना चाहिए। यह संस्कारों के क्षरण का संकेत है।

उन्होंने कहा कि मनुष्य को सदैव यह स्मरण रखना चाहिए कि जीवन में जो कुछ भी प्राप्त हुआ है, उसमें माता-पिता का सबसे बड़ा योगदान होता है। इसलिए उनके प्रति सम्मान, सेवा और कृतज्ञता का भाव बनाए रखना प्रत्येक संतान का प्रथम धर्म है। यदि परिवार में विनय और संस्कार होंगे, तो समाज स्वत: ही संस्कारित बन जाएगा।

साध्वी मंजुलाश्रीजी ने कहा कि माता-पिता जब वृद्धावस्था में पहुंचते हैं, तब उन्हें धन या वैभव से अधिक अपने बच्चों के प्रेम, सम्मान और सहारे की आवश्यकता होती है। ऐसे समय में बच्चों का कर्तव्य है कि वे उनके बुढ़ापे की सहारे की लाठी बनें, न कि उन्हें पीड़ा देने का कारण। उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा केवल सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि धर्म और आत्मकल्याण का भी श्रेष्ठ मार्ग है। प्रवचन के अंत में साध्वीश्री ने श्रद्धालुओं से अपने परिवारों में बच्चों को बचपन से ही विनय, सेवा, कृतज्ञता और संस्कारों की शिक्षा देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों में माता-पिता का सम्मान होता है, वहां सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है तथा वही संस्कार समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव बनते हैं।

इस अवसर पर श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया, कार्यकारी अध्यक्ष अभय कुमार भंसाली, आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026 समिति के अध्यक्ष बसंत लोढ़ा, महासचिव मुकेश निमाणी, सह-सचिव अभिषेक गोलछा एवं कोषाध्यक्ष चिंतन मालू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समाजजन उपस्थित रहे।

# ओडिशा के कैबिनेट मंत्री सुरेश पुजारी से विधायक पुरंदर मिश्रा ने की सौजन्य भेंट

■ नुआखाई पर्व के लिए दिया आमंत्रण

■ भुवनेश्वर में मंत्री सुरेश पुजारी से मिले विधायक पुरंदर मिश्रा, नुआखाई पर्व को लेकर हुई सार्थक चर्चा



**भुवनेश्वर/रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने भुवनेश्वर स्थित ओडिशा सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री सुरेश पुजारी जी के निवास पहुंचकर उनसे सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर विधायक श्री मिश्रा ने श्री पुजारी जी का कुशलक्षेम जाना और विभिन्न समसामयिक एवं जनहित से जुड़े विषयों पर सार्थक एवं सारगर्भित चर्चा की।

भेंट के दौरान विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा के बीच सांस्कृतिक एवं सामाजिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाने को लेकर भी विचार-विमर्श किया।

इस अवसर पर विधायक श्री मिश्रा ने नुआखाई पर्व के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कैबिनेट मंत्री श्री सुरेश पुजारी जी को सादर आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि नुआखाई केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध कृषि संस्कृति, परंपरा, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है।

श्री सुरेश पुजारी जी ने आत्मीयता के साथ आमंत्रण स्वीकार करते हुए विधायक श्री पुरंदर मिश्रा के प्रति आभार व्यक्त किया। दोनों नेताओं के बीच हुई यह आत्मीय मुलाकात छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा के बीच सांस्कृतिक और सामाजिक सद्भाव की भावना को और मजबूत करने वाली रही।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर, शनिवार 08 अगस्त 2026



## आंगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा बनाई गई राखियों को सुरक्षा बलों के जवानों के लिए प्रेषित की गई



**कोंडागांव।** जिला कार्यक्रम अधिकारी, रेनू प्रकाश, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र अभियान के अंतर्गत रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर जिले की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के द्वारा देश की सीमाओं एवं आंतरिक सुरक्षा में तैनात सुरक्षा बलों के जवानों के लिए 10471 हस्तनिर्मित राखियां तैयार कर उन्हें पूर्व सैनिक एवं अभियान के संयोजक के माध्यम से सम्मानपूर्वक प्रेषित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य देश की सुरक्षा में निरंतर समर्पित सैनिकों के प्रति सम्मान स्नेह एवं कृतज्ञता प्रकट करना है। रक्षाबंधन जैसे पावन पर्व पर अपने परिवारों से दूर रहकर राष्ट्र की सेवा कर रहे जवानों तक बहनों के स्नेह का संदेश पहुंचाने के लिए जिले के सभी विकासखंडों एवं परियोजनाओं के आगनबाड़ी केंद्रों में उत्साहपूर्वक राखियों का निर्माण किया गया। सभी आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने पूरे समर्पण और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ इस अभियान में भाग लेते हुए सुंदर एवं आकर्षक राखिया तैयार की। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों ने कहा कि हमारे सैनिक कठिन से कठिन परिस्थितियों में सीमाओं की सुरक्षा करते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा करते हैं। ऐसे वीर जवानों के प्रति सम्मान व्यक्त करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। रक्षाबंधन के अवसर पर भेजी गई ये राखियां केवल धागे नहीं बल्कि पूरे जिले की माताओं, बहनों और आआंगनबाडी परिवार की ओर से प्रेम, विश्वास, सम्मान और शुभकामनाओं का संदेश है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सीमाओं पर तैनात जवानों के लिए इस प्रकार का स्नेह और अपनापन अत्यंत प्रेरणादायक होता है। जब उन्हें देश के विभिन्न हिस्सों से राखिया और शुभकामना संदेश प्राप्त होते हैं, तो उनका मनोबल और अधिक सुदृढ होता है। तथा उन्हें यह विश्वास मिलता है कि पूरा देश उनके साथ खड़ा है। संयोजक महेन्द्र सिंह राणा एवं भूतपूर्व सैनिक राजेश साहू ने इस अभियान की सफलता के लिए जिले की सभी आआंगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के समर्पण, परिश्रम और

## कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु डीआरजी, जिला बल एवं नगर सैनिक के जवानों को दिया गया व्यापक बलवा ड्रिल प्रशिक्षण



**नारायणपुर।** जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने तथा किसी भी आपातकालीन एवं विषम परिस्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से आज जिला मुख्यालय में डीआरजी, जिला बल एवं नगर सैनिक के जवानों का व्यापक बलवा ड्रिल प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस बल को दंगा नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन, संवेदनशील परिस्थितियों में त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई, जन एवं शासकीय संपत्ति की सुरक्षा तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति में प्रभावी पुलिस प्रतिक्रिया के लिए तैयार करना था। प्रशिक्षण के दौरान जवानों को लाठी पार्टी, आँसू गैस पार्टी, इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम, क्विक रिस्पॉन्स टीम, वायरलेस संचार व्यवस्था, घायलों को सुरक्षित निकालने, मेडिकल सहायता एवं आपदा अथवा दंगा जैसी परिस्थितियों में विभिन्न पुलिस दलों के बीच समन्वय संबंधी विस्तृत एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर जवानों को दंगा नियंत्रण के दौरान अपनाई जाने वाली विभिन्न फॉर्मेशन, भीड़ को नियंत्रित करने की रणनीति, न्यूनतम आवश्यक बल के विधिसम्मत प्रयोग, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, शील्ड, लाठी, आँसू गैस उपकरण सहित अन्य सुरक्षा संसाधनों के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग का अभ्यास कराया गया। साथ ही विभिन्न संभावित परिस्थितियों का मॉक ड्रिल आयोजित कर पुलिस बल की त्वरित निर्णय क्षमता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं आपसी समन्वय का परीक्षण एवं अभ्यास कराया गया। अधिकारियों ने जवानों को निर्देशित किया कि किसी भी कानून व्यवस्था संबंधी चुनौती का सामना करते समय संयम, अनुशासन एवं संवेदनशीलता बनाए रखें तथा आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विधि सम्मत एवं पेशेवर ढंग से कार्रवाई सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अक्षय सबद्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऐश्वर्य चंद्राकर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (नारायणपुर) अजय सिंह, उप पुलिस अधीक्षक परवेज़ कुरैशी, उप पुलिस अधीक्षक आशीष नेताम, उप पुलिस अधीक्षक अमृता पैंकरा, रक्षित निरीक्षक मोहसिन खान एवं रक्षित निरीक्षक सोनू वर्मा द्वारा प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र से वन विभाग में नियुक्ति का आरोप, वाहन चालक भर्ती मामले में मंजीत सिंह ने की जांच और कार्रवाई की मांग



**कोण्डागांव ।** केशकाल वनमंडल में भारी वाहन चालक पद पर हुई भर्ती को लेकर शिकायत सामने आई है। कोण्डागांव निवासी और वन विभाग में वाहन चालक के पद पर कार्यरत मंजीत सिंह चहल ने विक्की बंजारे पिता प्रेमदास बंजारे की नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने और भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप लगाया है।

उन्होंने मामले में विक्की बंजारे सहित केशकाल वनमंडल के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। मंजीत सिंह ने अपने आवेदन में बताया कि वर्ष 2023 में प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय द्वारा भारी और हल्का वाहन चालक के पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। केशकाल वनमंडल में भारी वाहन चालक के दो पदों के लिए उन्होंने भी आवेदन किया था। उनके अनुसार चयन प्रक्रिया के दौरान विक्की बंजारे द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र को पहले अमान्य किया गया था, क्योंकि प्रमाण पत्र मान्यता प्राप्त संस्था का नहीं पाया गया था। बाद में दावा-आपत्ति के निराकरण के दौरान भी अनुभव प्रमाण पत्र को अमान्य किए जाने का उल्लेख किया गया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि हीरा एग्रो राइस मिल कोण्डागांव के नाम से प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र संदेहास्पद था। मंजीत सिंह के अनुसार संबंधित संस्था की ओर से शिकायत में यह बताया गया कि विक्की बंजारे नाम का कोई व्यक्ति वहां भारी वाहन चालक के रूप में कार्यरत नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि जांच में अनुभव प्रमाण पत्र अमान्य पाए जाने के बावजूद वर्ष 2026 में विक्की बंजारे को भारी वाहन चालक के पद पर नियुक्ति दे दी गई, जो भर्ती प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता को दर्शाता है। मंजीत सिंह चहल ने बताया कि भर्ती की मेरिट सूची में पहले उनका नाम ऊपर था, लेकिन बाद में सूची में बदलाव कर विक्की बंजारे को प्रथम स्थान पर दर्शाया गया। उन्होंने कहा कि उनके पास भर्ती प्रक्रिया से जुड़े दस्तावेज, वेबसाइट से प्राप्त जानकारी और आरटीआई के माध्यम से मिले रिकॉर्ड मौजूद हैं। उन्होंने मामले को लेकर बिलासपुर हाईकोर्ट में भी शिकायत दायर करने की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि, मैं वर्ष 2013-14 से वन विभाग में कार्य कर रहा हूं और अच्छे कार्य के लिए मुझे प्रशस्ति पत्र भी मिल चुका है।

मेरे साथ अन्याय हुआ है। फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

वहीं इस मामले में अब शिकायतकर्ता ने राज्यपाल, एंटी करप्शन ब्यूरो, कलेक्टर कोण्डागांव और पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव को आवेदन भेजकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। मामले में वन विभाग का पक्ष सामने नहीं आया है।

## शासन जिला प्रशासन के आदेशों की उड़ रही धज्जियां, विभाग अधिकारी बना मूकदर्शक

### आखिर किसके संरक्षण में दबाए जा रहे हैं शासन जिला प्रशासन के आदेश : अमित भद्र



**नारायणपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी नारायणपुर ने जिला प्रशासन पर राज्य शासन एवं शिक्षा विभाग के स्पष्ट आदेशों की खुली अवहेलना करने का गंभीर आरोप लगाया है। जिला कांग्रेस का कहना है कि शासन द्वारा संलग्न शिक्षकों को उनके मूल पदस्थापना स्थल पर तत्काल कार्यभार ग्रहण कराने के स्पष्ट निर्देश जारी किए जा चुके हैं, इसके बावजूद ओरछा (अबूझमाड़) सहित जिले के कई शिक्षकों को अब भी जिला कार्यालय एवं अन्य कार्यालयों में संलग्न रखा गया है। यह शासन के आदेशों की खुलेआम अवमानना है। जिला कांग्रेस के जिला महामंत्री एवं जिला प्रवक्ता अमित भद्र ने कहा कि कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने इस विषय को लेकर जिला कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन भी सौंपा था। इसके बावजूद आज तक आदेशों का पालन नहीं होना कई गंभीर सवाल खड़े करता है। अमित भद्र ने कहा कि छत्तीसगढ़ संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग तथा जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेशों में स्पष्ट रूप से संलग्न शिक्षकों को उनके मूल विद्यालयों में भेजने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद कुछ अधिकारियों द्वारा मनमानी करते हुए आदेशों को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिले के ब्लाकों सहित ओरछा (अबूझमाड़) जैसे दूरस्थ एवं संवेदनशील क्षेत्रों के विद्यालय पहले से ही शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहे हैं।

ऐसे में वहां पदस्थ शिक्षकों को जिला मुख्यालय के कार्यालयों में संलग्न रखना वहां के विद्यार्थियों के शिक्षा के अधिकार पर सीधा हमला है। अमित भद्र ने जिला प्रशासन से तीखे सवाल पूछते हुए कहा- आखिर किसके दबाव में शासन सहित जिला प्रशासन कलेक्टर के आदेशों का पालन नहीं हो रहा? कौन है वह अधिकारी जो अपने निजी स्वार्थ और पसंद-नापसंद के आधार पर कुछ शिक्षकों को संरक्षण देकर शासन के आदेशों को चुनौती दे रहा है? क्या नारायणपुर जिले में अब शासन के आदेशों से ऊपर कुछ अधिकारी और उनका प्रभाव काम कर रहा है? उन्होंने कहा कि यदि शासन के आदेशों का पालन नहीं कराया जाता तो यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि शासन की मंशा के विरुद्ध कार्य माना जाएगा। जिला कांग्रेस ने मांग की है कि जिले के सभी ब्लॉकों, विशेषकर ओरछा (अबूझमाड़) क्षेत्र के संलग्न शिक्षकों को तत्काल उनके मूल पदस्थापना स्थल पर भेजा जाए तथा जिन अधिकारियों ने जानबूझकर आदेशों की अनदेखी की है, उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। अमित भद्र ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो जिला कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर व्यापक जनआंदोलन एवं हल्ला बोल आंदोलन शुरू करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

## रिटेल और इंस्टीट्यूशनल निवेशकों ने डीमर्जर के बाद वेदांता के परफॉर्मेंस का ज़ोरदार समर्थन किया

वेदांता लिमिटेड (बीएसई: 500295, एनएसई: वीईडीएल) रिटेल निवेशकों के बीच भारत के सबसे पसंदीदा स्टॉक्स में से एक बनकर उभरा है। जून 2026 तिमाही के दौरान सबसे ज़्यादा रिटेल शेयरहोल्डर्स कंपनी के साथ जुड़े हैं, साथ ही कंपनी उद्योग जगत में सबसे अच्छा फाइनेंशियल परफॉर्मेंस और शेयरहोल्डरों को बेहतरीन रिटर्न देना जारी रखे हुए है। कैपिटलाइन के आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 27 की पहली तिमाही में वेदांता लिमिटेड के रिटेल निवेशकों की संख्या में लगभग 4,90,000 शेयरधारकों की बढ़ोतरी हुई। कैपिटलाइन द्वारा ट्रैक की गई सभी कंपनियों में यह सबसे ज़्यादा बढ़ोतरी थी। इस बढ़ोतरी के साथ वेदांता लिमिटेड, विप्रो, बजाज ऑटो, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज़ जैसी कंपनियों से भी आगे निकल गई; इन सभी कंपनियों में भी इसी दौरान रिटेल शेयरधारकों की संख्या में अच्छी-खासी बढ़ोतरी देखी गई थी। इसके उलट, टाटा मोटर्स पीवी, यस बैंक, सुज़लॉन एनर्जी, अडानी ग्रीन एनर्जी और बीएचईएल जैसी कंपनियों के रिटेल शेयरधारकों की संख्या में इस तिमाही के दौरान गिरावट आई। संस्थागत हिस्सेदारी के रूझानों से कंपनी पर भरोसा और मज़बूत हुआ है। वित्तीय वर्ष 27 की पहली तिमाही में, 30 जून 2026 तक वेदांता लिमिटेड में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की हिस्सेदारी बढ़कर 15.77 फीसदी हो गई, जो 31 मार्च 2026 को 13.93 फीसदी थी। यह बढ़ोतरी इंडस्ट्री के आम रूझानों से हटकर है और बहुत अधिक मायने रखती है। भारतीय इक्विटी से विदेशी निवेश के चलते एनएसई पर लिस्टेड कंपनियों में एफआईआई की कुल हिस्सेदारी वित्तीय वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में 17 साल के निचले स्तर 15.8 फीसदी पर आ गई थी।

ऐसे समय में जब ग्लोबल निवेशक आम तौर पर भारत में अपना निवेश कम कर रहे थे, एफआईआई की बढ़ती भागीदारी यह दिखाती है कि डीमर्जर के बाद वेदांता की क्रेडिट और अर्निंग को लेकर निवेशकों का भरोसा बढ़ रहा है। वेदांता लिमिटेड और हिंदुस्तान ज़िंक मार्केट पर नज़र रखने वालों और विश्लेषकों के बीच पसंदीदा कंपनियों के रूप में उभरी हैं। इनमें वेदांता लिमिटेड खास तौर पर दो अहम पैमानों – वैल्यूएशन और आय सृजन – पर लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही है। इसका स्टॉक अपनी जैसी दूसरी कंपनियों के मुकाबले सबसे सस्ते स्टॉक्स में से एक है।

## 21 किलो गांजा तस्करी मामले में आरोपी को 10 साल का सश्रम कारावास, एक लाख रुपये जुर्माना



**कोण्डागांव।** विशेष न्यायालय (एनडीपीएस एक्ट 1985) कोण्डागांव ने गांजा तस्करी के मामले में आरोपी विवेक कुमार दुबे को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास और एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड जमा नहीं करने पर आरोपी को अतिरिक्त एक वर्ष का सश्रम कारावास भुगतना होगा।मामला थाना केशकाल क्षेत्र का है। अभियोजन के अनुसार 3 फरवरी 2024 को पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से अवैध रूप से गांजा का परिवहन कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने केशकाल के आईटीआई चौक के सामने एचएच-30 मुख्य मार्ग पर कार्रवाई करते हुए टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल क्रमांक यूपी 63 एजेड 8412 को रोककर जांच की थी। जांच के दौरान आरोपी विवेक कुमार दुबे (34) निवासी आवास विकास कॉलोनी मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश) के कब्जे से 21.050 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया था। इस मामले में थाना केशकाल में अपराध दर्ज कर न्यायालय में सुनवाई हुई। विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट 1985) कोण्डागांव खिलावन राम रिगरी ने आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(पप)(सी) के तहत दोषसिद्ध करते हुए यह सजा सुनाई। लोक अभियोजक हेमंत गोस्वामी ने बताया कि आरोपी जगदलपुर से रायपुर की ओर मोटरसाइकिल से गांजा ले जा रहा था, जिसे पुलिस ने केशकाल में पकड़कर 21 किलो से अधिक गांजा बरामद किया था। उन्होंने बताया कि अभियोजन की ओर से अधिवक्ता रुकमणि मरकाम ने प्रभावी पैरवी करते हुए मामले को प्रमाणित किया, जिसके आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास और एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा दी है।

## सैमसंग ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर विजन एआई टीवी डील्स की घोषणा की




**गुरुग्राम :** सैमसंग इंडिया ने अपने नवीनतम विजन एआई तकनीक से लैस बड़े स्क्रीन वाले टीवी को बढ़ावा देने के लिए बिग सेलिब्रेशन, बिगर स्क्रीन, बिगेस्ट इमोशंस नाम से एक विशेष कैम्पेन शुरू किया है। यह देशव्यापी कैम्पेन ग्राहकों को प्रीमियम टेलीविज़न में अपग्रेड करने के लिए प्रोत्साहित करता है, ताकि उन्हें ज़्यादा स्मार्ट, पर्सनलाइज़्ड और शानदार होम एंटरटेनमेंट का अनुभव मिल सके। इस कैम्पेन का मुख्य आकर्षण सैमसंग की अत्याधुनिक विजन एआई तकनीक है। यह तकनीक बिक्सबी, परप्लेक्सिटी और माइक्रोसॉफ्ट कोपायलट जैसे एआई प्लेटफॉर्म्स के साथ मिलकर ग्राहकों को उनकी पसंद के हिसाब से टीवी देखने का ज़्यादा पर्सनलाइज़्ड और स्मार्ट अनुभव देती है। ये सुविधाएं सैमसंग के नवीनतम माइक्रो आरजीबी, ओएलईडी, नियो क्यूएलईडी, मिनी एलईडी और क्रिस्टल यूएचडी टीवी मॉडल्स में उपलब्ध हैं, जो सिनेमा, खेल और रोजमर्रा के मनोरंजन का अनुभव सीधे ग्राहकों के लिविंग रूम तक पहुंचाते हैं। चयनित सैमसंग विजन एआई बिग टीवी पर ग्राहकों को कई आकर्षक ऑफर्स का लाभ मिलेगा। इनमें 1,02,990 रुपये तक का मुफ्त साउंडबार, 5,29,990 रुपये तक का मुफ्त टीवी, 20 प्रतिशत तक कैशबैक, जीरो डाउन पेमेंट और 36 महीने तक की आसान ईएमआई जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा, इस कैम्पेन के तहत ग्राहकों को सैमसंग टीवी प्लस, सैमसंग केयर+, सैमसंग फिनांस+, सैमसंग साउंड+ और सैमसंग आर्ट+ जैसी वैल्यू-ऐडेड सेवाओं का लाभ भी मिलेगा। साथ ही, इन टीवी के लिए सात वर्षों तक ऑपरेटिंग सिस्टम अपग्रेड की सुविधा भी दी जाएगी।

## मरोली नाला के क्षतिग्रस्त पुलिया मरम्मत कार्य का कलेक्टर नम्रता जैन एसपी संदीप पटेल ने किया निरीक्षण

### मरम्मत कार्य में शीघ्र पूर्ण करने के दिये निर्देश



**नारायणपुर।** जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण ग्राम भरण्डा से हुच्चाकोट मार्ग पर स्थित पुलिया क्षतिग्रस्त होने के बाद कलेक्टर नम्रता जैन एवं संदीप पटेल ने मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से मरम्मत कार्य की प्रगति की जानकारी ली और कार्य को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पाया कि लगातार हुई बारिश के कारण पुलिया के दोनों ओर के अप्रोच पूरी तरह कट जाने से मार्ग पर आवागमन प्रभावित हो गया है। इस स्थिति को देखते हुए उन्होंने अधिकारियों को युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य कराने, पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने निर्देशित किया। कलेक्टर नम्रता जैन ने कहा कि मरम्मत कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष रूप से पालन किया जाए, ताकि कार्यस्थल पर किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुलिया के दोनों ओर आवश्यक बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा या जोखिम का सामना न करना पड़े। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि मरम्मत कार्य की नियमित निगरानी की जाए और कार्य पूर्ण होने तक लगातार प्रगति की समीक्षा की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि मार्ग को जल्द से जल्द आवागमन के लिए सुरक्षित एवं सुचारु रूप से बहाल किया जाए, जिससे ग्रामीणों और राहगीरों को राहत मिल सके। जिला प्रशासन द्वारा पुलिया की मरम्मत का कार्य तेजी से कराया जा रहा है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि बारिश के दौरान आवश्यक सावधानी बरतें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, एसडीएम अभयजीत मण्डावी, तहसीलदार सौरभ चौरसिया, जनपद सीईओ गुरमित सिंह सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## नारायणपुर पूर्व विधायक चंदन कश्यप ने आज मर्दापाल ब्लॉक अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचकर बाढ़ से प्रभावित लोगों से जनसम्पर्क किया



**कोंडागांव ।** पूर्व विधायक ने कोंडागांव जिला के मर्दापाल ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत रेंगागोंदी, ग्राम आदनार ग्राम चेमा पहुंचकर बाढ़ से प्रभावित लोगों से मिले लगातार बारिश कारण बाढ़ से ग्राम पंचायतों का संपर्क टूटा, स्कूल नहीं पहुंच पा रहे बच्चे लगातार बारिश और नदियों के उफान से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शासन-प्रशासन संज्ञान में नहीं ले रही बाढ़ के कारण मुख्यालय से ग्राम पंचायतों का सड़क और पुल संपर्क टूट गया है। संपर्क कटने से पंचायतों में राशन, दवाइयां और एंबुलेंस नहीं पहुंच पा रही। ग्रामीणों को आवागमन के लिए जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ रही है। गर्भवती महिलाओं और बीमार लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। फसल भी पूरी तरह बर्बाद हो गई है। बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों ने सरकार से मांग की कि पीड़ितों को मुआवजा मिले और नदी पर मजबूत तटबंध बनाने की मांग की.ताकि बच्चे स्कूल जा सके इस दौरान मर्दापाल ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र कोर्राम, जिला उपाध्यक्ष निलय कश्यप, आदिवासी ब्लॉक अध्यक्ष बबलू बघेल, मयूर नायक, राजेंद्र साहू एंव ग्रामीण उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री श्री साय ने की जनसंपर्क विभाग के 'मुस्कुराता बस्तर' पहल की सराहना

- कार्टून कला बच्चों में रचनात्मकता, संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच विकसित करने का सशक्त माध्यम : मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय
- कार्टून वॉच पत्रिका के संपादक श्री त्र्यंबक शर्मा ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से की सौजन्य मुलाकात
- 'मुस्कुराता बस्तर' प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यशाला की स्मारिका की भेंट



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मंत्रालय महानदी भवन में कार्टून वॉच के संपादक श्री त्र्यंबक शर्मा ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय को बस्तर में आयोजित 'मुस्कुराता बस्तर' अभियान के अंतर्गत कार्टून प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यशाला की विस्तृत जानकारी दी तथा इस अभिनव पहल पर आधारित स्मारिका भी भेंट की।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए कहा कि कला समाज को जोड़ने और नई पीढ़ी के व्यक्तित्व निर्माण का प्रभावी माध्यम है। कार्टून केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि विचारों को सरल, सहज और प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त करने की सशक्त विधा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को प्रारंभिक अवस्था से ही रचनात्मक अभिव्यक्ति के अवसर उपलब्ध कराए जाएं तो उनमें आत्मविश्वास, संवेदनशीलता, तार्किक सोच और सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ कला, साहित्य, खेल और संस्कृति जैसी गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समान रूप से आवश्यक हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिकाधिक विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिल सके।

उल्लेखनीय है कि जनसंपर्क विभाग और कार्टून वॉच के द्वारा 'मुस्कुराता बस्तर' अभियान के तहत जगदलपुर सहित बस्तर अंचल के विभिन्न शासकीय विद्यालयों के लगभग 100 विद्यार्थियों के लिए विशेष कार्टून प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में देश के प्रतिष्ठित कार्टूनिस्टों ने बच्चों को कार्टून कला की बारीकियों, रेखांकन, व्यंग्य की अभिव्यक्ति, दृश्य संप्रेषण और रचनात्मक सोच के विविध आयामों से परिचित कराया। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को अपनी कल्पनाशीलता को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त करने तथा सामाजिक विषयों पर सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया।

## जनजागरूकता अभियान के तहत 'संवाद से समाधान' कार्यक्रम आयोजित

- परिवीक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षक अमित कोसमा एवं थाना गोलबाजार पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, यातायात नियम एवं बाल सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा आमजन, विशेषकर स्कूली विद्यार्थियों में सुरक्षा संबंधी जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से संचालित जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 07.08.2026 को थाना गोलबाजार क्षेत्र स्थित नगर निगम सरस्वती स्कूल, नयापारा, रायपुर में 'संवाद से समाधान' कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम परिवीक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी गोलबाजार श्री अमित कोसमा के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में परि. उप निरीक्षक रीतू टेकाम, प्रधान आरक्षक शिवप्रकाश यादव एवं थाना गोलबाजार पुलिस टीम ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से संवाद स्थापित कर उन्हें वर्तमान समय में बढ़ते अपराधों से बचाव एवं व्यक्तिगत सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को महिला सुरक्षा, महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम, गुड टच एवं बैड टच, बाल अपराध एवं बाल संरक्षण, साइबर अपराध एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव, सोशल मीडिया का सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग, यातायात नियमों का पालन, नशे के दुष्प्रभाव तथा कानून का पालन करने वाले जागरूक नागरिक बनने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बताया कि साइबर अपराधी विभिन्न माध्यमों से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। किसी भी अनजान कॉल, लिंक, क्यूआर कोड अथवा लालच भरे संदेश के झांसे में न आएं तथा अपना ओटीपी, बैंक खाता, एटीएम कार्ड, यूपीआई पिन, पासवर्ड अथवा अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा निकटतम पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराने की जानकारी भी दी गई।

## देश की सुरक्षा पर डटे जवानों के लिए बहनों का स्नेह, स्कूली छात्राओं ने कलेक्टर को सौंपे रक्षासूत्र



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** रक्षाबंधन के पावन अवसर को विशेष रूप देने और देश की रक्षा के लिये सीमाओं पर तैनात वीर जवानों तक बहन के स्नेह का प्रतीक पहुंचाने के उद्देश्य से एक अनूठी पहल की गई। गुरुकुल हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार एवं शास्वत हाई स्कूल बलौदाबाजार की छात्राओं द्वारा बनाए गए रक्षासूत्रों को कलेक्टर कुलदीप शर्मा को सौंपा।

कलेक्टर श्री शर्मा ने छात्राओं को इस पहल के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह कार्य न केवल रक्षाबंधन पर्व को एक नया स्वरूप प्रदान करता है बल्कि देशभक्ति और नागरिक जिम्मेदारी की अद्भुत मिसाल भी पेश करता है। उन्होंने कहा कि हमारे वीर जवान अपनी जान की परवाह किए बिना सीमाओं पर डटे रहते हैं। कई जवान ऐसे हैं जो रक्षाबंधन पर अपने घर नहीं आ पाते। इन रक्षासूत्रों के माध्यम से उन्हें अपने परिवार का स्नेह और बहन का प्यार मिलेगा जिससे वे खुद को और भी मजबूत और अपनापन महसूस करेंगे। इस स्कूल के प्राचार्य सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## कमिश्नर डोमन सिंह ने तोकापाल एसडीएम कार्यालय का किया निरीक्षण, रेडी-टू-ईट फूड उत्पादन इकाई कोड़ेनार का लिया जायजा

- तहसील के रिकॉर्ड रूम को निर्वाचन के स्ट्रांग रूम की तर्ज पर विकसित करने के दिए निर्देश



**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने गुरुवार को बस्तर जिले के अंतर्गत तोकापाल एसडीएम कार्यालय और तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने इन दोनों कार्यालयों में राजस्व प्रकरणों के निराकरण स्थिति की जानकारी ली तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण एवं कार्यालयीन व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कमिश्नर श्री सिंह ने तोकापाल तहसील के रिकॉर्ड रूम का भी अवलोकन किया। उन्होंने रिकॉर्ड रूम को निर्वाचन के दौरान उपयोग में लाए जाने वाले स्ट्रांग रूम की तर्ज पर सुरक्षित एवं व्यवस्थित विकसित करने के निर्देश दिए। रिकार्ड रूम में अग्निशमन यंत्र स्थापित करने सहित सुरक्षा के मद्देनजर विद्युत कटआउट बाहर लगाने कहा। वहीं नियमित तौर पर दवाई का छिड़काव करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण अभिलेखों का सुरक्षित संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा रिकॉर्ड रूम में सुरक्षा, साफ-सफाई और अभिलेखों के वैज्ञानिक रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए।

इसके पश्चात कमिश्नर श्री डोमन सिंह ने कोड़ेनार स्थित रेडी-टू-ईट फूड उत्पादन इकाई का निरीक्षण किया। उन्होंने उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण, स्वच्छता व्यवस्था एवं तैयार किए जा रहे पोषण आहार का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा करते हुए गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन करने तथा उत्पादन क्षमता में निरंतर वृद्धि के लिए आवश्यक प्रयास करने के निर्देश दिए। यहाँ पर उन्होंने स्व सहायता समूहों की सदस्य महिलाओं से चर्चा करते हुए इन महिलाओं को सुरक्षा एवं सावधानी बरतने की समझाईश दी। वहीं कार्य के दौरान सुरक्षित परिधान, दस्ताने का उपयोग करवाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही उक्त रेडी टू ईट फूड उत्पादन यूनिट में नियमित रूप से सम्बंधित समिति से सेफ्टी आडिट करवाने के निर्देश दिए। अपने भ्रमण के दौरान कमिश्नर श्री सिंह सेजेस मावलीभाटा भी पहुंचे। यहां उन्होंने कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों को 'साझेदारी' का पाठ पढ़ाया।

## MATS लॉ स्कूल में 'लाफ्टर लाउंज: मिमिक्री एवं स्टैंड-अप कॉमेडी प्रतियोगिता' आयोजित



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छात्रों एवं शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने, शैक्षणिक तनाव को कम करने तथा सकारात्मक एवं आनंदमय शिक्षण वातावरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से MATS लॉ स्कूल, MATS विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा 'लाफ्टर लाउंज: मिमिक्री एवं स्टैंड-अप कॉमेडी प्रतियोगिता' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह संदेश देना था कि हँसी केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन एवं स्वस्थ जीवनशैली का एक महत्वपूर्ण आधार भी है।

प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया तथा अपनी शानदार कॉमेडी, मिमिक्री और हास्य प्रस्तुतियों से सभी का भरपूर मनोरंजन किया। प्रतिभागियों ने पूरे आत्मविश्वास, मौलिकता और बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक क्षण वह रहा जब विद्यार्थियों ने अपने प्रिय प्राध्यापकों की हल्के-फुल्के एवं सम्मानजनक अंदाज़ में मिमिक्री प्रस्तुत की। इन प्रस्तुतियों ने पूरे सभागार को ठहाकों से गूँजा दिया और विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच आत्मीयता, सौहार्द एवं सकारात्मक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ किया।

## 4 बड़े बकायादारों पर बकाया राशि अदा नहीं किये जाने पर की गयी सीलबंदी की कार्रवाई



**रायपुर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त संबित मिश्रा के आदेशानुसार और उपायुक्त राजस्व डॉ अंजलि शर्मा एवं नगर निगम जोन 1 जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर के निर्देशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 1 राजस्व विभाग द्वारा 4 बड़े बकायादारों के संस्थानों मे कुल 865433 रूपये का बकाया होने और बकाया राशि रायपुर नगर पालिक निगम को अदा नहीं किये जाने के कारण सीलबंदी की कार्रवाई की गयी एवं एक बकायादार द्वारा स्थल में ही सीलबंदी कार्रवाई के दौरान 164687 रूपये के बकाये का तत्काल भुगतान नगर निगम जोन 1 राजस्व विभाग को कर दिया गया।

नगर पालिक निगम रायपुर जोन 1 राजस्व विभाग की टीम द्वारा सभी वार्डो में बड़े बकायादारों पर कार्रवाई की गयी, यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 1 राजस्व विभाग की सीलबंदी कार्रवाई के दौरान स्थल पर नगर पालिक निगम जोन 1 जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर के मार्गनिर्देशन में कार्यपालन अभियंता द्रोनी कुमार पैकरा, जोन सहायक राजस्व अधिकारी मनीष मरकाम, राजस्व निरीक्षक आशीष शर्मा, संतोष साहू और सहायक राजस्व निरीक्षक अरविंद छेदइया की उपस्थिति रही।

## संस्कारधारी को विकास कार्य कराने मिलेगी 44 करोड की सौगात

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी को विकासी की ओर अग्रसर करने मूलभूत सुविधा सहित अन्य विकास कार्य कराने शासन द्वारा 44 करोड राशि स्वीकृत की गयी, जिसे धरातल में मूर्त रूप देने दिनांक 9 अगस्त 2026 रविवार को दोपहर 12 बजे कृष्णकुंज जज कालोनी के पास रामकृष्ण नगर में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह और उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन व विकास विभाग मंत्री अरूण साव भूमिपूजन करेंगे। उक्त गरिमामय कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव, सांसद संतोष पाण्डे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सहित वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहेगे। कार्यक्रम के संबंध में महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि शासन द्वारा नगर विकास के लिए मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना अंतर्गत राशि 16 करोड रूपये से कृष्णकुंज के पास 2000 सीटर ऑडिटोरियम निर्माण, 15वे. वित्त आयोग अनटाईड ग्राण्ट अंतर्गत राशि 12 करोड लाख रूपये से विभिन्न वार्डो में रोड, नाली एवं विद्युतीकरण कार्य, अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न कार्य कराये जायेंगे।

## प्रतिबंधित प्लास्टिक के लिये निगम टीम की कार्यवाही, डिस्पोजल ग्लास, झिल्ली पन्नी जब्त

- मोहारा फ्लाई ओव्हर के नीचे अभियान चलाकर ठेला, खोमचा व चखना सेन्टर पर



**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने सख्ती बरतते हुये नगर निगम की टीम अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग करने वाले दुकानदारों पर प्रतिदिन कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज निगम का स्वास्थ्य अमला मोहारा फ्लाई ओव्हर के नीचे अभियान चलाकर 10 ठेला खोमचा एवं चखना सेन्टर पर कार्यवाही कर झिल्ली, पन्नी, डिस्पोजल ग्लास, चम्मच,स्ट्रा, पानी पाउच की जप्ती कर 2 हजार 1 सौ रूपये जुर्माना वसूल किये। उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्रत्येक व्यक्ति व पशु-पक्षियों को प्लास्टिक के नुकसान से बचाने शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध करने कडा रूख अपना रही है। शासन के मंशानुरूप नगर निगम भी अभियान चलाकर प्रतिदिन प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग के विरूद्ध कार्यवाही कर रही है। निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने कार्यवाही के संबंध में कहा कि पर्यावरण एवं मानव जीवन सहित पशु पक्षियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये शासन निर्देश के अनुक्रम में निगम का स्वास्थ्य अमला शहर में प्रतिदिन सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने समझाईस दे रहे है।

## रायपुर रेल मंडल में आधुनिक सिग्नलिंग प्रणाली का विस्तार : भाटापारा-हथबंद सेक्शन में भी शुरू



**रायपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का रायपुर रेल मंडल रेल परिचालन को अधिक सुरक्षित, तीव्र एवं दक्ष बनाने की दिशा में आधुनिक तकनीकों का निरंतर विस्तार कर रहा है। इसी क्रम में दिनांक 24 जुलाई, 2026 को भाटापारा-हथबंद रेलखंड में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली सफलतापूर्वक प्रारंभ की गई है। इस तकनीकी उन्नयन से इस व्यस्त रेलखंड की संचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा ट्रेनों का संचालन पहले की अपेक्षा अधिक सुगम, सुरक्षित एवं समयबद्ध हो गया है। पूर्व में इस सेक्शन में इंटरमीडिएट ब्लॉक (Intermediate Block-IB) प्रणाली कार्यरत थी, ऑटोमेटिक सिग्नलिंग लागू होने के बाद अब इस सेक्शन में एक समय में अधिकतम ट्रेनों का संचालन संभव हो गया है। अर्थात बिना ट्रैक में किसी प्रकार का भौतिक परिवर्तन किए इस सेक्शन की क्षमता में वृद्धि हुई है। इंटरमीडिएट ब्लॉक प्रणाली में प्रत्येक ट्रेन के संचालन के लिए दोनों स्टेशनों के स्टेशन मास्टरों को उपलब्ध संचार माध्यम के जरिए आपस में संपर्क स्थापित कर 'लाइन क्लियर' लेना एवं देना पड़ता था। इसके पश्चात निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सिग्नल दिए जाते थे। वहीं, ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली में 'लाइन क्लियर' लेने एवं देने की आवश्यकता समाप्त हो गई है। इस प्रणाली में सिग्नल ट्रैक सर्किट अथवा एक्सल काउंटर के माध्यम से ट्रैक की वास्तविक स्थिति के अनुसार स्वत: संचालित होते हैं।

## गंदे पानी की निकासी, सीवर लाइन एवं साफ-सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी: नंद कुमार साहू

- बोरियाखुर्द स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नंद कुमार साहू ने आज कौषल्या माता विहार योजना के सेक्टर-4 स्थित कमल हाईट्स रेसिडेंशियल परिसर का स्थल निरीक्षण कर रहवासियों की विभिन्न समस्याओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान परिसर में गंदे नाली के पानी का भराव, सीवर लाइन के ओवरफ्लो होने तथा उद्यान की कमी सहित अन्य समस्याओं की जानकारी स्थानीय निवासियों से प्राप्त की गई।

निरीक्षण के दौरान नगर पालिक निगम रायपुर के कार्यपालन अभियंता, जोन स्वास्थ्य अधिकारी, छत्तीसगढ़ विद्धुत मंडल के सहायक अभियंता, क्षेत्रीय पार्षद श्री विनय प्रताप ध्रुव सहित रायपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान आरडीए अध्यक्ष श्री नंद कुमार साहू ने नगर पालिक निगम के कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया कि कमल हाईट्स परिसर में गंदे नाली के पानी का प्रवेश तत्काल प्रभाव से रोकने के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही स्वीकृत स्वीकृति के अनुसार नाली निर्माण एवं गंदे पानी की निकासी के लिए स्थायी समाधान शीघ्र क्रियान्वित किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति पुन: निर्मित न हो।

अध्यक्ष श्री साहू ने जोन स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि परिसर में प्रतिदिन नियमित रूप से साफ-सफाई कराई जाए तथा ब्लिचिंग पाउडर का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि साफ-सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा रहवासियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना संबंधित विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष श्री साहू ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिसर में उपलब्ध रिक्त भूमि पर उद्यान विकास की संभावनाओं का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की जाए, जिससे रहवासियों को बेहतर पर्यावरण एवं मनोरंजन की सुविधा उपलब्ध हो सके।

## चेम्बर प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक कल बिलासपुर में

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने जानकारी दी कि चेम्बर प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक रविवार, दिनांक 9 अगस्त 2026 को सुबह 11.00 बजे से ग्रैंड लोटस, तिफरा, काली मंदिर के पास, रायपुर रोड, बिलासपुर में आयोजित की गई है।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री थौरानी ने चेम्बर के समस्त कार्यकारिणी सदस्यों से अपील की है कि वे कार्यकारिणी की बैठक में समय पर अवश्य ही उपस्थित होवें।

## सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा एमएसएमई ऋण आउटरीच कार्यक्रम आयोजित



**रायपुर (विश्व परिवार)।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया आज के दिन सारे भारत में एमएसएमई ऋण आउटरीच कार्यक्रम आयोजित कर रहा है. इसी तारतम्य में बैंक द्वारा आज रायपुर के होटल मयूरा में एमएसएमई ऋण आउटरीच कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य उद्यमियों को हमारे बैंक की एमएसएमई ऋण के नये प्रोडक्ट की जानकारी देना तथा उद्यमियों को एमएसएमई ऋण वितरित करना है. इस कार्यक्रम में लगभग 100 उद्यमियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया. कार्यक्रम में उपस्थित एमएसएमई उद्यमियों को एमएसएमई प्रोडक्ट से संबंधित जानकारी के साथ ही संबंधित समस्याओं के फीडबैक लेकर अपने प्रोडक्ट व प्रक्रिया में यथासंभव सुधार करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री योगेश कुमार, सहायक निदेशक, एमएसएमई डेवलपमेंट. रायपुर उपस्थित थे. विशेष अतिथि के रूप में छ.ग. होटल एंड रेस्टारेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री तरनजीत सिंग होरा और राजाराम फूड प्रोडक्ट प्रा.लि. के वाइस प्रेसिडेंट श्री दीपक यादव तथा मुम्बई मुख्यालय से पधारे मुख्य महाप्रबंधक श्री सोहैल अहमद एवं रायपुर अंचल के अंचल प्रमुख श्री राकेश भूतडा विशेष रूप से उपस्थित थे।

पूरा कार्यक्रम रायपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख श्री प्रफुल्ल बंसल के नेतृत्व में तथा रायपुर क्षेत्र के मुख्य प्रबंधक श्री पवन कुमार के समन्वय में आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में रायपुर क्षेत्र के मुख्य प्रबंधक श्री संजय सिन्हा एवं श्री देवेश वर्मा भी उपस्थित थे। आज रायपुर क्षेत्र में आयोजित एमएसएमई ऋण कार्यक्रम में कुल 87 हितग्राहियों को लगभग 157 करोड के एमएसएमई ऋणों की स्वीकृति दी गई। कार्यक्रम का समापन श्री राजीव नयन, उप आंचिलक प्रबंधक, अंचल-रायपुर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शनिवार 08 अगस्त 2026



## कांकेर पुलिस की यातायात जागरूकता कार्यक्रम

**कांकेर।** कांकेर पुलिस ने आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय, चारामा में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों, राहवीर योजना और डायल-112 आपातकालीन सेवा की जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में सुरक्षित यातायात की आदत विकसित करना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार साहू, यातायात प्रभारी दीपक साव, थाना चारामा प्रभारी सुरेश राठौर सहित यातायात एवं थाना चारामा पुलिस का स्टाफ उपस्थित रहा।

# दैनिक विश्व परिवार ने स्थापना दिवस पर किया पौधरोपण एवं सेवा कार्य, वृद्धाश्रम में कराया भोजन वितरण









**रायपुर (विश्व परिवार)।** दैनिक विश्व परिवार, रायपुर समाचार पत्र ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं मानव सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर समाचार पत्र परिवार के सदस्यों ने शहर के विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कर हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। साथ ही लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का भी संकल्प दोहराया।

अपने 14 वे स्थापना दिवस के अवसर पर विश्व परिवार ने स्थानीय वृद्धाश्रम में पहुंचकर बुजुर्गों को स्नेहपूर्वक भोजन कराया। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों का आशीर्वाद प्राप्त किया गया तथा उनके साथ समय बिताकर सेवा एवं सम्मान का संदेश दिया गया।

समाचार पत्र के प्रधान सम्पादक श्री प्रदीप जैन ने बताया कि दैनिक विश्व परिवार हमेशा समाज, पर्यावरण और जनहित के मुद्दों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाता रहेगा। स्थापना दिवस को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन के अवसर के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर दैनिक विश्व परिवार परिवार के सदस्यों, पत्रकारो एवं सहयोगियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई और समाचार पत्र की निरंतर प्रगति तथा समाज सेवा के संकल्प को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया।

# जरूरतमंदो की संजीवनी बना छत्तीसगढ़ का समाज कल्याण मॉडल, सामाजिक सुरक्षा से आत्मनिर्भरता की राह पर



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारत जब विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब यह स्पष्ट हो चुका है कि वास्तविक विकास वही है जिसमें समाज का कोई भी वर्ग पीछे न छूटे। सामाजिक सुरक्षा, सम्मानजनक जीवन, सुगम अवसर और आत्मनिर्भरताकृये चार स्तंभ किसी भी आधुनिक कल्याणकारी राज्य की पहचान होते हैं। छत्तीसगढ़ ने पिछले ढाई वर्षों में इन्हीं मूल्यों को केंद्र में रखकर समाज कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन प्रस्तुत किया है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के नेतृत्व में राज्य ने दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, विधवा एवं परित्यक्त महिलाओं, उभयलिंगी व्यक्तियों और अन्य जरूरतमंद वर्गों के लिए ऐसी व्यवस्थाएँ विकसित की हैं, जिन्होंने सामाजिक न्याय को प्रशासनिक प्राथमिकता के रूप में स्थापित किया है। दिसंबर 2023 से जून 2026 के बीच की उपलब्धियाँ इस परिवर्तन की सशक्त तस्वीर प्रस्तुत करती हैं।

### लाखों परिवारों को पेंशन योजनाओं का लाभ

राज्य की पेंशन योजनाएँ आज लाखों परिवारों के लिए आर्थिक संबल बन चुकी हैं। मुख्यमंत्री पेंशन योजना के लाभार्थियों की संख्या 7.10 लाख से बढ़कर 7.56 लाख हो गई है। वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांगजन, सामाजिक सुरक्षा और सुखद सहारा जैसी योजनाओं को मिलाकर 21.73 लाख से अधिक नागरिक नियमित सहायता प्राप्त कर रहे हैं।

इस व्यवस्था की सबसे बड़ी विशेषता इसका डिजिटल सशक्तीकरण है। लगभग 96 प्रतिशत हितग्राहियों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है और आधार सीडिंग का कार्य भी लगभग पूर्ण हो चुका है। ई-केवाईसी आधारित सत्यापन ने अपात्र प्रविष्टियों को हटाकर व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और विश्वसनीय बनाया है।

# रायपुर मंडल में भाटापारा स्टेशन पर किलाबंदी टिकट चेकिंग

■ कुल 287 मामलों से 02,45,835 रुपए राजस्व प्राप्त हुआ



**रायपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ सुस्कर विपुल विलासराव के निर्देश पर भाटापारा रेलवे स्टेशन पर किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान दिनांक 06 अगस्त, 2026 को चलाया गया। जिसमें भाटापारा स्टेशन के सभी प्लेटफार्म, 14 ट्रेनों में किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान में कुल 287 मामलों को दर्ज कर 2,45,835 रुपए राजस्व प्राप्त किया गया।

किलाबंदी टिकट चेकिंग में बिना टिकट यात्रा करने वाले 191 यात्री पकड़े गए, जिससे 181,540/- राजस्व प्राप्त हुआ। अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वाले 72 यात्रियों से 58695/- रूपये राजस्व प्राप्त हुआ, अधिक लगेज लेकर यात्रा करने वाले 22 यात्रियों से 2600/- रूपये, गंदगी फैलाने वाले 01 केस से 1000 रूपये, धूम्रपान के 01 मामले में 2000 रुपए राजस्व प्राप्त हुआ। इस टिकट चेकिंग का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को टिकट लेने के प्रति जागरूक करना था।

इस टिकट चेकिंग अभियान का संचालन सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री अविनाश कुमार आनंद के द्वारा एवं मंडल मुख्य टिकट निरीक्षक श्री ए. जेना, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक-टिकट चेकिंग अविजित डे सहित 17 टिकट चेकिंग स्टाफ 03 आरपीएफ स्टाफ शामिल रहे।

रेल प्रशासन यात्रियों को आगाह करता है कि वे यात्रा हेतु उचित टिकट एवं रेल परिसर मे प्रवेश करने के पहले प्लेटफॉर्म टिकट अवश्य खरीदें। रेलगाड़ी एवं रेल परिसर को साफ सुथरा रखने में भी रेल प्रशासन को सहयोग प्रदान करें। रेलगाड़ी एवं रेल परिसर में गंदगी फैलाते पाए जाने पर 1000 रूपये से 5000 रूपये तक जुर्माना अथवा 06 महीने का कारावास का प्रावधान है।

# पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने दिया स्वदेशी अपनाने का संदेश

■ राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर बुनकरों के सम्मान और 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को मजबूत बनाने की अपील



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने प्रदेशवासियों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने तथा हथकरघा से निर्मित वस्तुओं के अधिकाधिक उपयोग का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान का उल्लेख करते हुए कहा कि स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करना केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक शिल्पकला और लाखों बुनकर परिवारों के सम्मान से जुड़ा जन आंदोलन है।

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के कुशल बुनकरों द्वारा निर्मित पारंपरिक गमछा धारण कर प्रदेश की समृद्ध हस्तकरघा परंपरा को सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि यह गमछा केवल एक परिधान नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान, श्रम, परंपरा और स्थानीय शिल्प कौशल का जीवंत प्रतीक है।

अग्रवाल ने प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि वे अपने दैनिक जीवन में अधिक से अधिक स्वदेशी और हथकरघा उत्पादों को अपनाएं। उन्होंने कहा कि जब हम स्थानीय बुनकरों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का उपयोग करते हैं, तब हम न केवल उनकी आजीविका को सशक्त बनाते हैं, बल्कि अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रत्येक नागरिक का यह छोटा-सा प्रयास आत्मनिर्भर भारत के निर्माण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में बड़ा योगदान सिद्ध होगा।

मंत्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के बुनकर अपनी पारंपरिक कला, उत्कृष्ट शिल्पकौशल और रचनात्मकता के माध्यम से प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिला रहे हैं। ऐसे प्रतिभाशाली शिल्पकारों का उत्साहवर्धन करना हम सबका सामूहिक दायित्व है।

अग्रवाल ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर नागरिकों से अपने पसंदीदा हथकरघा उत्पाद के साथ वीडियो अथवा चित्र साझा करने और राष्ट्रीय हथकरघा दिवस अभियान से जुड़ने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस जनभागीदारी से देश-दुनिया तक हमारे बुनकरों की अद्भुत कला, उनकी मेहनत और भारतीय हथकरघा की समृद्ध परंपरा को नई पहचान मिलेगी।

# क्लिनिक में थूकने से रोका तो भड़के आरोपियों ने किया हमला, 3 घंटे में तीनों गिरफ्तार



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजधानी रायपुर में एक क्लिनिक के अंदर युवक पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। अस्पताल परिसर में थूकने से मना करने पर तीन युवकों ने पहले गाली-गलौज की फिर उसे जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद क्लिनिक का वॉशबेसिन उखाड़कर युवक के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तीन घंटे के भीतर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। यह मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

जानिए क्या है पूरा मामला: पुलिस के अनुसार, 6 अगस्त की शाम करीब 6 बजे प्रखर रजन क्लिनिक के बाहर खड़ा था। तभी अमन निहाल, विशाल सोनी और अमन यादव नशे की हालत में वहां पहुंचे। तीनों क्लिनिक में रखी वेट मशीन पर अपना वजन करने लगे और अस्पताल परिसर में थूकने लगे। यह देखकर प्रखर के भाई अनिमेष मेश्राम ने उन्हें ऐसा करने से मना किया। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। इसके बाद तीनों आरोपियों ने मिलकर अनिमेष से गाली-गलौज की और उसे जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि अमन निहाल ने क्लिनिक का वॉशबेसिन उखाड़कर अनिमेष के सिर और शरीर पर कई बार वार किए। वहीं अमन यादव ने प्लास्टिक की कुर्सी और विशाल सोनी ने लकड़ी के डंडे से हमला किया।

घटना की शिकायत मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू की। गवाहों से पूछताछ और तकनीकी जांच के आधार पर महज तीन घंटे के भीतर अमन निहाल (23), विशाल सोनी (20) और अमन यादव (20) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया वॉशबेसिन का हिस्सा, प्लास्टिक की कुर्सी और लकड़ी का डंडा जब्त किया गया है। पुलिस मामले आगे की कार्रवाई कर रही है।

# श्रीशंकराचार्य कॉलेज में यातायात, महिला सुरक्षा और साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला, विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा




**रायपुर (विश्व परिवार)।** पुलिस कमिश्नरेट रायपुर की यातायात पुलिस ने मुजगहन स्थित श्रीशंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में यातायात जागरूकता, महिला सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा विषय पर विशेष कार्यशाला आयोजित की। कार्यक्रम में करीब 600 से 700 छात्र-छात्राओं एवं कॉलेज के शिक्षकों ने भाग लिया।

कार्यशाला में एसीपी ट्रैफिक श्रीमती स्नेहिल साहू, यातायात प्रशिक्षक टी.के. भोई तथा साइबर सेल के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, महिला सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया।

### महिला सुरक्षा और आत्मरक्षा पर विशेष जोर

कार्यक्रम में छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े कानून, हेल्पलाइन सेवाएं, आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपाय, पिंक पेट्रोल यूनिट तथा अभिव्यक्ति ऐप की जानकारी दी गई। साथ ही किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या अपराध की स्थिति में बिना संकोच तत्काल पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने महिलाओं की सुरक्षा में समाज की सक्रिय भागीदारी और संवेदनशीलता की आवश्यकता पर भी बल दिया।

### सड़क सुरक्षा नियमों की दी जानकारी

यातायात प्रशिक्षक टी.के. भोई ने विद्यार्थियों को हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, यातायात संकेतों का पालन, तेज रफ्तार और नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने जैसे महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी। उन्होंने रायपुर कमिश्नरेट क्षेत्र में संचालित यातायात क्विक रिस्पांस टीम (क्तक्रज्ञ) और क्यूआर कोड आधारित पंजीकृत ई-रिक्शा व्यवस्था की भी जानकारी साझा की।

# सीजीपीएससी के आधिकारिक स्पष्टीकरण ने कांग्रेस के दुष्प्रचार की खोली पोल : भाजपा

■ प्रदेश प्रवक्ता उज्जवल दीपक ने कहा : तथ्य सामने आने के बाद कांग्रेस युवाओं से मांगे माफी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) द्वारा सूबेदार / उप निरीक्षक संवर्ग / प्लाटून कमांडर परीक्षा - 2024 के प्रारंभिक लिखित परिणाम को लेकर जारी आधिकारिक स्पष्टीकरण ने पूरे विवाद को समाप्त कर दिया है। आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि जिन नामों को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रम फैलाया जा रहा था, वे संबंधित अभ्यर्थियों द्वारा स्वयं ऑनलाइन आवेदन में दर्ज किए गए वास्तविक नाम हैं तथा पूरी भर्ती प्रक्रिया उन्हीं नामों के आधार पर संचालित हुई है। आयोग ने सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक दावों का आधिकारिक रूप से खण्डन किया है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता उज्ज्वल दीपक ने कहा कि प्रारंभिक तौर पर जब परिणाम में कुछ असामान्य नाम सामने आए, तब सामान्य अभ्यर्थियों की तरह उन्हें भी संदेह हुआ। इसलिए उन्होंने स्वयं सीजीपीएससी को टैग करते हुए आयोग से आग्रह किया कि यदि यह तकनीकी या टंकण सम्बन्धी विषय है तो तत्काल सार्वजनिक स्पष्टीकरण जारी किया जाए, ताकि प्रदेश के युवाओं के मन में किसी प्रकार का भ्रम न रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस विषय पर राजनीतिक लाभ लेने के बजाय संस्थागत स्पष्टता की मांग की थी।

# किसान मोर्चा 12 अगस्त को निकालेगा ट्रैक्टर, बैलगाड़ी और गेड़ी तिरंगा यात्रा

■ 30 एवं 31 अगस्त को किसान मोर्चा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक होगी




**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा आगामी 12 अगस्त को प्रदेश के सभी जिलों में ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा, बैलगाड़ी तिरंगा यात्रा एवं पारम्परिक गेड़ी तिरंगा यात्रा निकालेगा। इसे लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय (कुशाभाऊ ठाकरे परिसर) में किसान मोर्चा की प्रदेशस्तरीय समीक्षा बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक में आगामी 30-31 अगस्त को प्रस्तावित किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक की तैयारियों पर भी चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए नियमित प्रवास अनिवार्य है। श्री साय ने सभी जिला एवं संभाग प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे जिलों, मंडलों एवं शक्ति केंद्रों का नियमित प्रवास करें। प्रवास संगठन का प्राण तत्व है। हर महीने कम से कम 5 से 6 बार प्रवास करने से कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ता है और संगठन को मैदानी स्तर पर मजबूती मिलती है।

किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोकसिंह ठाकुर ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि तिरंगा यात्रा के बाद 30 एवं 31 अगस्त को किसान मोर्चा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक आयोजित होगी, जिसमें पूरे प्रदेश से मोर्चा के लगभग 350 पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में प्रदेश महामंत्री द्वय नवीन मार्कंडेय व अखिलेश सोनी, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राकेश तिवारी एवं किसान मोर्चा की राष्ट्रीय नेत्री पिंकी जी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# वर्ल्ड प्रीमियर में दिखी नई निसान TEKTON की झलक

■ सबसे अलग पहचान के साथ नया रास्ता बनाने आ रही है नई एसयूवी




**रायपुर (विश्व परिवार)।** Shiva Nissan ने आज Raipur आयोजित प्रीमियर के दौरान नई निसान TEKTON को लॉन्च किया। यह लॉन्चिंग कंपनी के उत्पाद विस्तार अभियान (प्रोडक्ट ऑफेंसिव) का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। प्रीमियम सी-एसयूवी सेगमेंट की यह पहली ऐसी एसयूवी है, जिसमें सभी वेरिएंट्स में 100 प्रतिशत टर्बोचार्ज्ड इंजन लाइन-अप दिया गया है। इसके साथ ही इसमें सेगमेंट के कई बेस्ट फीचर्स दिए गए हैं, जिनमें 280 Nm का टर्बो परफॉर्मेंस, गूगल बिल्ट-इन कनेक्टिविटी और 700 लीटर का क्लास-लीडिंग बूट स्पेस शामिल हैं।

TEKTON के साथ निसान अपने एसयूवी डीएनए को भारतीय बाजार के सबसे प्रतिस्पर्धी और तेजी से बढ़ते सेगमेंट में नए रूप में पेश कर रही है। चेन्नई स्थित प्लांट में निर्मित यह एसयूवी कंपनी की 'वन कार, वन वर्ल्ड' फिलॉसफी के तहत विकसित की गई है।

# विवेकानंद नगर में 100 से अधिक श्रावक-श्राविकाओं ने प्रारंभ किया गिरनार नेमी तप

■ राग से विराग की ओर ले जाता है गिरनार नेमी तप : मुनिश्री संवेगरत्न सागर म.सा.



**रायपुर (विश्व परिवार)।** विवेकानंद नगर ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में जारी सर्वमंगलमय वर्षावास में तप, त्याग, साधना, आराधना का क्रम जारी है। तप की श्रृंखला में 7 अगस्त से श्री गिरनार नेमी तप प्रारंभ हुआ। 22 दिवसीय इस तप का 100 से अधिक श्रावक और श्राविकाओं ने परम पूज्य मुनिश्री संवेगरत्न सागर जी म.सा. से संकल्प ग्रहण किया। गिरनार नेमी तप में एक दिन उपवास, एक दिन व्यासना होगा। कुल 9 उपवास व 9 व्यासना और अंतिम क्रम में एक तेला (लगातार तीन उपवास) और तप का पारणा होगा।

धर्मसभा में परम पूज्य मुनिश्री संवेगरत्न सागर जी म.सा. ने कहा कि राग से विराग की ओर श्री गिरनार नेमी तप ले जाता है। संसार से मुक्ति की ओर ले जाए, ऐसा गिरनार नेमी तप है। संसार का राग, संसार का स्वार्थ है, राग और स्वार्थ से पीछे हटने का उपक्रम गिरनार नेमी तप है। राग ही स्वार्थ की पूर्ति करता है। संसार में कहा जाता है कि कोई किसी के बिना नहीं रह सकता लेकिन ऐसा नहीं है। व्यक्ति संसार के मोह, माया में उलझकर रहता है। कुछ दिनों के बाद व्यक्ति अपनी दिनचर्या में आ जाता है। संसार में किसी का काम किसी के बगैर नहीं रुकता है।

मुनिश्री ने कहा कि जिन शासन में देव, गुरु और धर्म का सानिध्य मिला है। आप संशय की स्थिति में रहोगे तो कुछ नहीं होगा।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354